दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 207
कोटद्वार बुधवार
30 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक
# जयन्त
निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## स्वास्थ्य सुविधाओं की खुली पोल, बस में गूंजी शिशु की किलकारी

◆नैनीडांडा सौ किलोमीटर दूर कोटद्वार बेस चिकित्सालय अल्ट्रासाउंड को आ रही थी गर्भवती
◆नैनीडांडा से कोटद्वार आते समय जीएमओयू की बस में महिला सवारियों ने करवाया गया प्रसव


बस में प्रसव होने के बाद जच्चा-बच्चा को लेकर अस्पताल पहुंचते 108 कर्मी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**
**कोटद्वारः** भले ही प्रदेश सरकार पर्वतीय क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे कर रही हो। लेकिन, धरातल की हकीकत यह है कि आज भी ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। इसका एक उदाहरण उस समय देखने को मिला जब नैनीडांडा से कोटद्वार अल्ट्रासाउंड को आ रही एक महिला का जीएमओयू की बस में ही प्रसव हो गया। हालांकि, जच्चा-बच्चा दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं। लेकिन, बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाएं उनके जीवन पर भारी पड़ सकती थी।

नैनीडांडा के ग्राम गोदल ताल निवासी प्रेम सिंह अपनी पत्नी को मंगलवार सुबह प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य नैनीडांडा लेकर पहुंचे थे।

वहां तैनात स्टाफ नर्स ने महिला की जांच करते हुए पेट में बच्चे का उल्टा होना बताया और गर्भवती का अल्ट्रासाउंड करवाने को कहा। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रेम सिंह अपनी पत्नी को जीएमओयू की बस से करीब सौ किलोमीटर दूर कोटद्वार बेस अस्पताल लेकर आ रहे थे। जैसे ही बस सिद्धबली से करीब आधा किलोमीटर आगे गिवईस्रोत तिराहे पर पहुंची महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। चालक ने वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया और पुरुष सवारियों को नीचे उतार दिया। बस में मौजूद महिला सवारियों ने गर्भवती को बस की पीछे वाली सीट पर लेटाया और इसकी सूचना आपातकाली सेवा 108 को दी। 108 महिला कर्मी ने बताया कि उनके मौके पर पहुंचने से पहले ही महिला का प्रसव हो चुका था।

ऐसे में उन्होंने महिला व शिशु को तुरंत ऑक्सीजन लगाई और उन्हें लेकर राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंच गए। वहीं, चिकित्सकों ने बताया कि महिला व शिशु पूरी तरह सुरक्षित है। दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### स्कूल बस ने 14 वर्षीय किशोर को कुचला

**रुड़की।** स्कूल बस ने दल्लावाला गांव में 14 साल के किशोर को अपनी चपेट में ले लिया। पता चलते ही किशोर के परिजन उसे उठाकर अस्पताल ले गए, जहां डक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान बस का चालक वाहन वहीं छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही बस को कब्जे में ले लिया है। लक्सर नगर के एक प्राइवेट स्कूल की बस बच्चों को स्कूल लाने और घर छोड़ने के लिए रोज उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे खानपुर के जोगावाला गांव तक आती जाती है। मंगलवार सुबह भी चालक बस को लेकर जोगावाला गया था। वहां से बच्चों को बैठाने के बाद वह वापस लौट रहा था। उस समय चारों तरफ घना कोहरा पड़ा हुआ था। चालक जैसे ही बस लेकर दल्लावाला गांव से गुजर रहा था, तभी गांव का आर्यन (14) पुत्र ब्रिजेश अचानक बस की चपेट में आ गया। चीख पुकार सुनकर आर्यन के परिजन और कुछ अन्य लोग मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल आर्यन को उठाकर एक प्राइवेट अस्पताल ले गए। परंतु अस्पताल के डक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव गांव ले आए।

दुर्घटना की जानकारी मिलने पर एसओ खानपुर रविंद्र कुमार पुलिस बल लेकर गांव पहुंचे और पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने बस को भी कब्जे में ले लिया है। एसओ ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद परिजन तहरीर देंगे तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### मसूरी में चक्का जाम से पर्यटक-स्थानीय लोग परेशान

**देहरादून।** उत्तराखंड टैक्सी-मैक्सी महासंघ ने मंगलवार को अटोमेटिड फिटनेस सेंटर और पुराने वाहनों को रोड से हटाए जाने के विरोध में चक्का जाम किया। इससे पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को मुश्किल उठानी पड़ी।

मंगलवार को पिक्चर पैलेस बस स्टैंड और किताब घर बस स्टैंड पर पर्यटक सवारी वाहन के लिए परेशान रहे। पर्यटकों को टैक्सी नहीं मिल सकी। वहीं देहरादून जाने के लिए भी वाहनों का टोटा रहा। रोडवेज की बसों में सीट के लिए मारामारी रही।

## सात दिवसीय शीतकालीन विधानसभा सत्र हुआ शुरू



**देहरादून।** विधानसभा का सात दिवसीय शीतकालीन सत्र आज मंगलवार से शुरू हो गया है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कानून व्यवस्था पर कांग्रेस ने नियम 310 के तहत चर्चा की मांग की। कांग्रेस के कुछ विधायक सदन के बाहर धरने पर बैठ गए। शाम चार बजे वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने 5 हजार 444 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा। सदन की कार्यवाही के दौरान हल्द्वानी से कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश के सवाल को स्थगित किये जाने पर विपक्ष नाराज हो गया। सुमित हृदयेश ने रिंग रोड बनाये जाने की मुख्य्मंत्री की घोषणा का प्रश्न उठाया था। इस पर सत्ता पक्ष ने कहा कि रिंग रोड एनएएचआइ के तहत बन रही है। वहीं विधायक संजय डोभाल वन प्रभागों में दैनिक मजदूरी करने वाले मजदूरों का मामला भी सदन में उठाया। कहा कि वर्षों से कम मानदेय पर काम कर रहे इन मजदूरों को नियमित किया जाए। कांग्रेस विधायक अनुपमा रावत ने राजाजी रिजर्व पार्क में गुज्जरों के पशुओं को चुगान और लोपिंग के परमिट का मामला उठाया। कहा कि हरिद्वार ग्रामीण में काफी संख्या में वन गुज्जर लोग रहते हैं, जिनको पशु चुनाग के परमिट नहीं दिए गए हैं। विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने गढ़वाली कुमाऊंनी जौनसारी बोली को लेकर सरकार से पूछा कि इनके बढ़ावे के लिए क्या तैयारी की जा रही है। भाषा मंत्री सुबोध उनियाल प्रादेशिक बोली को लेकर सदन में जवाब दिया लेकिन विपक्ष के विधायक भाषा मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। प्रसाद योजना पर विधायक संजय डोभाल ने धर्मस्व मंत्री से सवाल पूछा। कहा कि यमुनोत्री धाम में प्रसाद योजना के अंतर्गत कितने धन की व्ध्यवस्था की है?

विधानसभा में झबरेड़ा विधायक नरेंद्र ने इकबालपुर नहर परियोजना का मामला उठाया। 2013-14 में रुड़की गंगनहर से निकालकर यह परियोजना स्वीत की गई थी। लेकिन यह नहर परियोजना आज तक बनकर तैयार नहीं हुई। इस परियोजना से इस क्षेत्र के तकरीबन 75 गांव सिंचाई से लाभान्वित होंगे। यह परियोजना यूपी-उत्तराखंड के बीच फंसी है। वहीं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने सदन में कहा कि टिहरी झील में फैली गंद्गी को हटाने के लिए नई व्यवस्था बनेगी। बरसात के सीजन में लकड़ी, जानवरों के शव, कूड़ा करकट हटाने के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है।

विधायक विक्रम सिंह नेगी ने टिहरी झील में फैली गंद्गी को हटाने को लेकर सवाल पूछा था। कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने विशेषाधिकार हनन का का मुद्दा उठाया। कहा कि विधायकों के विशेषाधिकार हनन को लेकर सरकार गम्भीर नहीं है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विधायकों के विशेषाधिकार हनन पर पीठ सरकार को निर्देश दे। जिस पर संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने जवाब दिया। कहा कि सदन हर सदस्य का सम्मान करता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा हम पूरी तरह से परीक्षण कराएंगे उसके बाद निर्णय लेंगे। मंगलवार को सदन में दिवंगत पूर्व विधायक केदार सिंह फोनिया को श्रद्धांजलि भी दी गई।

पांच दिसंबर तक प्रस्तावित सत्र के पहले दिन सरकार शाम चार बजे 4867 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश करेगी। विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति की सोमवार को हुई बैठक में सत्र के पहले दिन का एजेंडा तय किया गया। पहले दिन विभिन्न विभागों से संबंधित छह संशोधन विधेयक सदन के पटल पर रखे जाएंगे। सत्र के लिए विधायकों ने 616 प्रश्न लगाए हैं। इससे पहले विधानसभा के मंगलवार से प्रारंभ होने वाले सत्र के लिए सरकार और भाजपा संगठन ने अपनी रणनीति को अंतिम रूप दिया। सोमवार देर शाम मुख्यमंत्री आवास में हुई भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में मंत्री, विधायकों को निर्देश दिए गए कि वे पूरी तैयारी के साथ सदन में जाएं। साथ ही पूरी शालीनता से तथ्यों व तर्कों के आधार पर विपक्ष के हमलों का सारगर्भित जवाब दें।

### विधायक कैड़ा ने सदन में उठाया भीमताल विस क्षेत्र की सड़कों का मुद्दा

**हल्द्वानी।** मंगलवार को विधायक राम सिंह कैड़ा ने देहरादून में विधानसभा सत्र के दौरान भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खराब मोटर मार्गों का मुद्दा रखा। विधायक ने बताया ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल में मोटर मार्ग की हालत जर-जर बनी हुई है। जिस कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने सरकार से भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लुगड़ से खनस्यू, छिड़ाखान से अधोड़ा, डुंगरी से मीडार, चमोली से बड़ौन, ल्वाड डोबा से गौनियारो, भीड़ापानी से खुजेठी, पहरीधार से सुरंग, टकुरा से थलाड़ी, घोड़ाखाल से धुलई, बबियाड़ से दुदली मोटर मार्गों पर डामरीकरण व सुधीरीकरण करने की मांग की। साथ ही नियम 53 के अंतर्गत सरकार से सदन में स्यूड़ा से कौन्ता, हरीशताल मोटर मार्ग पर डामरीकरण करने एवं काठगोदाम से हैड़ाखान, खनस्यू मोटर मार्ग का यथा शीघ्र नव निर्माण कराने की मांग की।

### महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के लिए विधेयक लाई सरकार

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने राजकीय सेवाओं में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के लिए विधानसभा में मंगलवार को विधेयक पेश कर दिया। संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा सदन पटल पर पेश विधेयक को पारित कराने के लिए बुधवार को चर्चा की जाएगी।

विधेयक के मुताबिक, क्षैतिज आरक्षण का लाभ उस महिला अभ्यर्थी को मिलेगा, जिसका मूल अधिवास उत्तराखंड में है, लेकिन उसने अन्य कहीं कोई स्थायी अधिवास प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया है। यह लाभ उन महिलाओं को भी मिलेगा जिनके पास राज्य में स्थायी अधिवास प्रमाण पत्र है, बेशक उनका मूल अधिवास उत्तराखंड में नहीं है।

क्षैतिज आरक्षण देने के लिए विधेयक के पीटे सरकार ने चार प्रमुख आधार (सामाजिक न्याय, अवसर की समानता, जीवन स्तर में सुधार और लोक नियोजन में लैंगिक समानता) बताए हैं। कहा है कि राज्य की विषम भौगोलिक संरचना के कारण राज्य के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोग कठिन जीवन यापन करते हैं। खासतौर पर राज्य की महिलाएं विषम परिस्थितियों में जीवन निर्वाह करती है। इसलिए उनका जीवन स्तर अन्य राज्यों की महिलाओं से निम्न है। राज्य की महिलाएं अपेक्षित सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्तर को नहीं पा सकी हैं। राज्य की लोक सेवाओं में भी उनका प्रतिनिधित्व काफी कम है।

उच्च न्यायालय नैनीताल ने एक याचिका पर महिलाओं को सरकारी सेवा में दिए जा रहे 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण वाले दो अलग-अलग शासनादेशों को निरस्त कर दिया था। प्रदेश सरकार ने न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी।

राज्य की एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। इस बीच सरकार ने महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण को बनाए रखने के लिए अधिनियम बनाने का निर्णय लिया। कैबिनेट ने मुख्यमंत्री को इसके लिए अधित किया। सीएम के निर्देश पर कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने महिला क्षैतिज आरक्षण विधेयक का प्रस्ताव तैयार किया। मंगलवार को विधेयक सदन पटल पर पेश कर दिया गया।



#### पटल पर रखी गई विधेयक लौटने की सूचना

राज्य के चिन्हित आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का विधेयक 2015 के राजभवन से लौटने की सदन पटल पर सूचना रखी गई।

## 2024 की रणनीति को दिशा देंगे उपचुनाव के परिणाम, जातीय समीकरणों में ही फंसी हैं उत्तर प्रदेश की तीनों सीटें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे राज्यों में 2014 के बाद मोदी लहर ने जातियों के डोरे काफी हद तक कमजोर किए हैं, लेकिन चुनावी ऊंट की करवट इनके नियंत्रण से पूरी तरह बाहर आज भी नहीं है। जातियों के ऐसे ही समीकरणों में अभी यूपी की मैनपुरी लोकसभा सहित रामपुर और खतौली विधानसभा सीट फंसी है। सभी दल जोर लगा रहे हैं और बहुत संभव है कि इस उपचुनाव के परिणाम लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति को दिशा दें और दलों को अपने दांव से लेकर तमाम चेहरे तक बदलने पड़ें।



सपाई गढ़ कही जाने वाली जिस मैनपुरी में कभी सैफई परिवार को चुनाव प्रचार की जरूरत नहीं महसूस हुआ करती थी, वहां करहल विधानसभा सीट पर अखिलेश यादव को जिताने के लिए पूरे परिवार को 2022 के विधानसभा चुनाव में ताकत झोंकनी पड़ी और आज मैनपुरी लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में डिंपल यादव के लिए अखिलेश यादव सहित पूरा परिवार पसीना बहा रहा है। यहां पार्टी और परिवार की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है और दूसरी है जातीय समीकरण की पेचीद्गी। यादव वोट बहुलता में है, लेकिन निर्णायक नहीं, क्योंकि पिछड़ा वर्ग से ही आने वाले शाक्यों की आबादी दूसरे स्थान पर है।

पिछड़ा वर्ग को काफी हद तक अपने पाले में खींच चुकी भाजपा यदि यहां शाक्य वोट के साथ अन्य पिछड़ी और दलित जातियों का वोट हासिल कर लेती है तो वह शिवपाल कार्ड फेल हो जाने के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में भी इसी रणनीति के तहत रघुराज शाक्य की तरह इस वर्ग से प्रत्याशी उतार सकती है। वहीं, अखिलेश को सोचना पड़ जाएगा कि वह अपने गढ़ में भी मुलायम सिंह यादव की तरह सभी जातियों के नेताजी नहीं हैं।जातियों के ऐसे ही जंजाल ने मुजफ्फरनगर की खतौली विधानसभा सीट पर दलों को फंसा दिया है। यहां जाटों की राजनीति करने वाले राष्ट्रीय लोकदल का सपा से गठबंधन है। गुर्जर प्रत्याशी मदन भैया को उतारकर जाट-मुस्लिम-गुर्जर समीकरण सजाया। चूंकि पश्चिम के जाटों ने षि कानून विरोधी आंदोलन के बावजूद 2022 में भाजपा से मुंह नहीं मोड़ा, इसलिए दलितों में भी खास तौर पर जाटवों को आकर्षित करने के लिए भीम आर्मी के चंद्रशेखर से रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने हाथ मिलाया है।

बसपा प्रमुख मायावती के बाद चंद्रशेखर ही दलित नेता के रूप में खुद को उभारने में प्रयासरत दिखते हैं। परिणाम बताएंगे कि 1993 में मिले मुलायम-कांशीराम के नारे के साथ सपा-बसपा की कास्ट-कैमिस्ट्री ने जिस तरह से राम मंदिर आंदोलन के ज्वार तक को बेअसर कर दिया था, क्या अब फिर दलित वर्ग जाट या यादव समुदाय के साथ जिताऊ समीकरण बनाने को तैयार है?

हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनाव में यादव-दलित का सियासी रिश्ता बेमेल साबित हो चुका है। अब यदि यह गठबंधन सफल हुआ तो भाजपा को लोकसभा चुनाव में जाटबेल्ट के लिए रणनीति नए सिरे से तैयार करनी होगी। इसी तरह तीसरी सीट है रामपुर। सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां की विधायकी रद होने के बाद उनके प्रभाव वाली सीट पर उपचुनाव है, लेकिन उनके करीबी ही उनका साथ छोड़ते जा रहे हैं। रामपुर लोकसभा सीट भाजपा उपचुनाव में जीत चुकी है।

### आदमखोर गुलदार को मारने के लिये शूटर तैनात

**नई टिहरी।** रविवार शाम को बालगंगा रेंज के मयकोट गांव के 12 वर्षीय अरनव को निवाला बना चुके आदमखोर गुलदार को मारने के लिए गांव में शूटर तैनात किया गया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की ओर से वन विभाग पर गुलदार को शूट करने का दबाव बनाये जाने पर सोमवार को ही शूटर को मयकोट बुला लिया गया था।

मंगलवार को वन विभाग के उचाधिकारियों की ओर से गुलदार को शूट करने का औपचारिक आदेश प्राप्त होते ही शूटर गंभीर सिंह भंडारी को मयकोट गांव में तैनात कर दिया गया। सोमवार रात भर वन विभाग की गस्ती टीम और शूटर गंभीर सिंह द्वारा गुलदार को सर्च किया जाता रहा। क्यूआरटी टीम की ओर से घटना स्थल पर गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा भी लगाया गया है, लेकिन गुलदार न तो शिकारी दल को कहीं नजर आया, और न ही पिंजरे के पास फटका।

## चक्का जाम के चलते लोग रहे परेशान

देहरादून। दून में आज बस, टैक्सी-मैक्सी कैब, अटो, मैजिक, ई-रिक्शा, ट्रक और लोडर नहीं चलने से लोगों को मुश्किलें उठानी पड़ रही हैं। विक्रम और स्कूल वैन संचालकों के भाजपा समर्थित धड़े को छोड़कर बाकी संचालक भी चक्का जाम में शामिल हैं। सुबह से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सवारी वाहन नहीं मिलने पर पैदल जाना पड़ रहा है। अटोमेटिक फिटनेस से टूट नहीं मिलने से कमर्शियल वाहन संचालकों में नाराजगी है। साथ ही पेट्रोल और डीजल वाले वाहनों को बाहर करने का फैसला वापस लेने की मांग की जा रही है। उत्तराखंड विक्रम अटो रिक्शा परिवहन महासंघ के महामंत्री इंद्रजीत कुकरेजा ने बताया कि चार सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को हड़ताल है। सिटी बस महासंघ अध्यक्ष विजय वर्धन डंडरियाल ने बताया कि उत्तराखंड में परिवहन विभाग ने प्राइवेट कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए तय तिथि से पहले ही डोईवाला के लालतप्पड़ में अटोमेटिक फिटनेस शुरू करवा दिया है। जब तक सभी जिलों के फिटनेस केंद्र नहीं खुल जाते तब तक फिटनेस की पुरानी व्यवस्था को बहाल किया जाए। दून अटो रिक्शा यूनियन अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने कहा कि आरटीए ने हाल में ही दस साल या इससे अधिक पुराने डीजल-पेट्रोल के अटो-विक्रम को मार्च 2023 और बाकी वाहनों को एक दिसंबर 2023 तक सड़क से बाहर करने का फैसला लिया है। इसका वह विरोध कर रहे हैं। चक्का जाम में शामिल हैं।

देहरादून ट्रक अपरेटर एसोसिएशन के सचिव अशोक ग्रोवर ने बताया कि करीब दस हजार ट्रक और लोडरों का संचालन ठप रहेगा। देहरादून टैक्सी अनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी खलिक अहमद ने बताया कि करीब 600 टैक्सी कैब का संचालन ठप है। इसी तरह 400 मैजिक भी संचालित नहीं होंगे। दून-गढ़वाल जीप कमांडर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय चौहान पहाड़ के लिए संचालित करीब 450 सूमो, मैक्स, ट्रैकर आदि नहीं चलेंगी।



#### कांग्रेस को मिले परिवहन कारोबारी, मांगा समर्थन

देहरादून। उत्तराखंड विक्रम, अटो रिक्शा परिवहन महासंघ देहरादून के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महारा से मुलाकात की। अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। मांग उठाई कि उत्तराखण्ड के प्रत्येक जिले में दो से तीन फिटनेस सेंटर खोले जाएं, तब तक पुरानी व्यवस्था बहाल हो। करन माहरा ने कहा कि सरकार को इनकी न्याय संगत मांगों को और बातों को सुनना चाहिए।

# तैयारी के साथ सदन में पहुंचे महाराज ने विपक्ष को किया निरुत्तर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : विधानसभा के तृतीय सत्र के प्रथम दिन विपक्ष द्वारा प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज को सदन में घेरने की रणनीति पूरी तरह से फेल रही।

विधानसभा के तृतीय सत्र के प्रथम दिन मंगलवार को विपक्ष के प्रश्नों की धार को कुन्द करने के लिए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज पूरी तैयारी के साथ सदन में पहुंचे। उन्होंने सदन में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य सहित विपक्षी सदस्यों मयूख महर, फुरकान अहमद, विरेन्द्र कुमार, संजय डोभाल, सुमित ह्दयेश, विक्रम सिंह नेगी और प्रीतम सिंह द्वारा प्रश्नकाल के दौरान पर्यटन, लोक निर्माण और सिंचाई विभागों से संबंधित पूछे गए सभी प्रश्नों के बडी बेबाकी से सटीक और सकारात्मक उत्तर दिये। विपक्ष द्वारा लगातार प्रश्नों की बौछार के बाद भी वह सभी का सटीक उत्तर देकर विपक्षी सदस्यों को संतुष्ट करते दिखाई दिए। सवालों के उत्तर सुनकर विपक्ष द्वारा उन्हें सदन में घेरने की रणनीति इस बार पूरी तरह से फेल रही। विपक्ष की ओर विधानसभा सदस्य मयूख महर ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से जानना चाहा कि पिथौरागढ़ में पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु जिस ट्यूलिप गार्डन का निर्माण कराया गया था उसकी वर्तमान में क्या स्थिति है। गार्डन को बनाने में कुल कितना धन व्यय किया गया और ट्यूलिप पुष्प की पौध कहां से मंगाई गई। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने सदन को अवगत कराया कि पिथौरागढ़ के मोस्टमानू में ट्यूलिप गार्डन प्रस्तावित किया गया था। मोस्टमानू मंदिर एवं पशुपतिनाथ मंदिर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 25,000 ट्यूलिप बल्ब रोपित किए गए थे जिनका कि वर्तमान में मंदिर समिति द्वारा उपयोग किया जा रहा है। ट्यूलिप बल्ब्स प्लांटेशन कुल 22,17,515 रुपए का व्यय किया गया। ट्यूलिप बीज का उत्पादन स्थानीय स्तर पर ना होने के कारण तुलिप गार्डन को तैयार किए जाने पर उसके रखरखाव आदि पर अत्याधिक व्यय होना जैसी समस्याएं सामने आने के कारण इसका क्रियान्वयन नहीं किया जा सकता है। लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने सदस्य मयूख महर के चंद्रभागा नदी के ऊपरी भाग में विभाग द्वारा बनाए गए 18 मीटर स्पान पुल के निचले भाग में वर्षा ऋतु में अत्यधिक वर्षा के कारण



मोटर मार्ग बहने की समस्या का उत्तर देते हुए बताया कि इस प्रकार की समस्या बेहद गंभीर है। इस स्थान पर स्पान सेतु का निर्माण किया गया है जिस पर वर्तमान में आवागमन सुचारू रूप से चल रहा है। इस मार्ग पर स्पान आरसीसी पुलिया के निर्माण की स्वीकृति जिला योजना के अंतर्गत प्रदान की गई है। विधानसभा सदस्य फुरकान अहमद द्वारा होमस्टे से संबंधित पंजीकरण और उसके लाभ एवं शर्तों के विषय में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने सदन को अवगत कराया कि उत्तराखंड ग्रह आवास नियमावली के तहत कोई भी भवन स्वामी अपने परिवार के साथ भौतिक रूप से निवास कर रहा हो, वह व्यक्ति अपने भवन का होमस्टे योजना के अंतर्गत पंजीकरण करा सकता है, जिसमें न्यूनतम 1 कक्ष एवं अधिकतम 6 कक्ष पर्यटकों हेतु पंजीकरण करा सकते हैं। फुरकान अहमद द्वारा पिरान कलियर में रामपुर चुंगी मंडी से ग्राम नागल होते हुए पिरान कलियर पर बाईपास सड़क एवं 300 मीटर सेतु निर्माण कराए जाने और किसानों की अधिग्रहित भूमि के मुआवजे की धनराशि अभी तक न दिए जाने के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने अवगत कराया कि पिरान कलियर बाईपास सड़क एवं 300 मीटर स्पान सेतु के निर्माण में स्वीकृत परियोजना में प्रतिकर भुगतान हेतु चिन्हित धनराशि 525.62 लाख रुपये में से वर्तमान में 446.55 लाख के प्रतिकर का भुगतान प्रभावितों को कर दिया गया है। शेष भुगतान की कार्यवाही विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी हरिद्वार के माध्यम से की जा रही है। कृषि क्षेत्र को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इकबालपुर नहर परियोजना से क्षेत्रवासियों को अति शीघ्र लाभ दिलाने हेतु विधानसभा सदस्य वीरेंद्र कुमार द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि इस संबंध में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के मुख्य सचिव स्तरीय संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया था कि 665 क्यूसेक जल उत्तराखंड को उपलब्ध कराएं जाने हेतु फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करा कर प्रमुख अभियंता सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराई गई। इस संबंध में लगातार उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग से अनुरोध किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य वैकल्पिक माध्यमों पर भी कार्यवाही प्रस्तावित है। इसके अलावा सदस्यों द्वारा पूछे गए अन्य प्रश्नों का सतपाल महाराज ने सटीक उत्तर देते हुए विपक्षी सदस्यों को निरुत्तर कर दिया।

# डीएम बोले निर्माण कार्यों में तेजी लाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को हेमकुंड यात्रा मार्ग पर संचालित अवस्थापना विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द पूरा किया जाए।



यात्रियों की सुविधा के लिए हेमकुंड यात्रा मार्ग पर मोडों का सुधारीकरण, घांघरिया में बाईपास मार्ग, पुलना से घांघरियां तक रेलिंग व स्टोन सेट पेवमेंट, विभिन्न स्थानों पर रैन शैल्टर, यात्री शैड, घोडा पडाव, बैंच, साइनेज, माइल स्टोन तथा पुलना में पार्किंग आदि निर्माण कार्य किए जा रहे है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पर्याप्त संख्या में मजदूर लगाते हुए घांघरिया से हेमकुंड तक मोड सुधारीकरण, पुलना से घांघरिया पैदल मार्ग के मध्य स्थित बोल्डरों को तोड़ने एवं क्षतिग्रस्त दीवारों का पुर्ननिर्माण कार्य, यात्री शैड, घोडा पड़ाव तथा पुलना में पार्किंग निर्माण के अवशेष कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें। ऊपरी क्षेत्र में बर्फवारी के कारण अवशेष निर्माण कार्यों को यात्रा सीजन से पहले पूरा करने हेतु कार्ययोजना तैयार रखें। लोनिवि के अधीक्षण अभियंता ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि यात्रा मार्ग पर संचालित निर्माण कार्यों में पर्याप्त संख्या में मजदूर एवं मशीनें लगाए गई है और दिसंबर तक अधिकांश कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे।

### छात्र नेताओं ने की समस्याओं के निस्तारण की मांग

नई टिहरी : केंद्रीय विवि के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल की विभिन्न समस्याओं के संबंध में परिसर के छात्र नेताओं ने विवि कुलपति से मुलकात कर उन्हें परिसर की समस्याओं से अवगत करवाते हुए निस्तारण की मांग। एसआरटी परिसर बादशाहीथौल के छात्र संघ अध्यक्ष दीपक गुनसोला व छात्र नेता अभिषेक नेगी ने विवि कुलपति से श्रीनगर में भेंट कर परिसर की समस्याओं को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। छात्र संघ अध्यक्ष ने बताया कि विवि कुलपति को सौंपे ज्ञापन में परिसर के छात्रों का बैक पेपर के परिणाम जल्द घोषित करने,खिलाड़ियों के लिये परिसर में खेल मैदान उपलब्ध करने, खेल के मैदान के पास शौचालय तथा चेंजिंग रुम आदि का निर्माण करने की मांग की है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया प्रदेश प्रभारी मुकेश कोली का स्वागत

हरिद्वार। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार आए मोर्चा के प्रदेश प्रभारी मुकेश कोली का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। जिला उपाध्यक्ष गुलाम साबिर के संयोजन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन व जिलाध्यक्ष बैरोज आलम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सभी साथ, सभी का विकास और सभी के विश्वास की नीति पर चलते हुए समाज के सभी वर्गो के कल्याण के लिए काम कर रही है। सरकार की नीतियों व योजनाओं का लाभ प्रत्येक वर्ग को मिल रहा है। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी मुकेश कोली ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार अल्पसंख्यकों के हितों में जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। जिसका लाभ



सभी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी केंद्र एवं राज्य की योजनाओं का प्रचार प्रसार अपने माध्यम से करें। वरिष्ठ भाजपा नेता डा.विशाल गर्ग ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गुलाम साबिर लगातार अन्य कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने का काम कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष गुलाम साबिर एवं जिला मंत्री शाहनवाज सलमानी ने कहा कि प्रदेश प्रभारी मुकेश कोली केंद्र एवं राज्य की योजनाओं को लागू कराने में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।

## एक नजर

### ऑटोमेटिक फिटनेस के विरोध में टैक्सियों के पहिये रखे जाम

नई टिहरी : चंबा नई टिहरी टैक्सी वेलफेयर ऐशो. ने सवारी वाहनों के ऑटोमेटिक फिटनेस टेस्टिंग के विरोध में टैक्सियों के पहियों को जाम रखा। टैक्सी संचालकों और चालकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते ऑटोमेटिक फिटनेस को वापस लेने की मांग की है। मंगलवार को चंबा नई टिहरी टैक्सी वेलफेयर ऐशो.ने नई टिहरी चंबा मार्ग पर टैक्सियों का संचालन बंद रखा। टैक्सी यूनियन संगठन के अध्यक्ष उत्तम सिंह तड़ियाल ने कहा प्रदेश सरकार सवारी वाहन को लेकर आये दिन कई प्रकार के नये नियम बनाने में लगी, जिससे वाहन संचालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा सरकार ने सवारी वाहनों के ऑटोमेटिक फिटनेस टेस्टिंग का जो नियम लागू किया है, वह वाहन संचालकों के हित में नहीं है। कहा विरोध के बावजूद सरकार ने वाहनों के फिटनेस का नियम वापस नहीं लिया तो वाहन संचालकों को आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा। विरोध जताने वालों में काशीराम जुयाल, आशाराम डबराल, विरेंद्र सिंह नेगी, बलवंत रमोला, जलम सिंह नेगी, ओम प्रकाश, बबलू नेगी, अजय नेगी आदि शामिल थे। (एजेंसी)

### 13 पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

नई टिहरी : लंबगांव पुलिस ने 13 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़कर एक्साईज एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की है।

पुलिस की मीडिया सेल ने जारी बयान में बताया कि लंबगांव पुलिस ने एक शराब तस्कर नरपत सिंह पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम बड़ेथ पट्टी का गाजणा थाना कोतवाली उत्तरकाशी को 13 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब टाटा वाहन सुमों में ले जाते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। शराब तस्कर को पकड़ने में एसआई प्रशांत बहुगुणा, कांस्टेबलों में सत्यवीर, सुनील बड़थ्वाल, मुकेश रावत, नीरज शामिल रहे। (एजेंसी)

# योग एवं शारीरिक शिक्षा संकाय ने जीती अंतर संकाय वालीबॉल प्रतियोगिता



हरिद्वार। दयानंद स्टेडियम परिसर मे आयोजित अन्तर संकाय वालीबॉल प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले मे योग एवं शारीरिक शिक्षा संकाय ने विज्ञान संकाय को 2–0 से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। गुरूकुल कांगडी समविश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा आयोजित अन्तर–संकाय वालीबॉल प्रतियोगिता के समापन तथा विश्वविद्यालय टीम चयन के अवसर पर चयन समिति के चौयरमेन डा.नितिन कॉबोज ने खिलाडियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किये।

विजेता टीम के खिलाडियों को सम्मानित करते हुये डा.नितिन काम्बोज ने कहा कि खेल जीवन मे अनुशासन एवं सम्मान की भावना विकसित करते है। जीवन मे सफलता का मार्ग गुरू, शिक्षा, अनुशासन तथा सम्मान से प्राप्त होता है। विभागीय प्रभारी डा.अजय मलिक ने चयन समिति के सदस्यों का स्वागत एवं आभार ज्ञापित किया। एसोसिएट प्रोफेसर डा.शिवकुमार चौहान ने कहा कि खेल मे हार–जीत खेल रणनीति तथा तकनीकि कुशलता का हिस्सा है।

# अधिकारी दायित्वों एवं जिम्मेदारी का निर्वहन कुशलता से करें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं उनको धरातल में उतारते हुए उस योजना का लाभ आम जन मानस तक उपलब्ध कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों एवं जिम्मेदारी का निर्वहन कुशलता के साथ करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी की होगी।



खंड विकास स्तर से संचालित हो रही विकास योजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने एवं योजनाओं के संचालन में आ रही कठिनाई एवं स्थानीय स्तर पर आम जनमानस द्वारा दर्ज की जा रही शिकायतों का त्वरित निराकरण हेतु जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभागार में जनपद में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से 15 दिन फील्ड में उपलब्ध रहेंगे।

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया पुस्तक "अलॉग केम ए वॉरियर: बंदाज धर्म युद्ध एंड सिख थ्योरी ऑफ जस्ट वॉर" का विमोचन

देहरादून। मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने ह्यह्यअलॉग केम ए वॉरियरः बंदाज धर्म युद्ध एंड सिख थ्योरी ऑफ जस्ट वॉरह्लह्ल पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक को पूर्व आईएमए कमांडेंट ले.ज.(रि.) आर एस सुजलाना और डॉ. रूपिन्दर एस बराड़ द्वारा संयुक्त रूप से लिखा गया है। पुस्तक विमोचन के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि यह पुस्तक हमारे इतिहास के विशिष्ट संदर्भों को संजोए हुए है। इसमें हमारे आर्दश और सिक्ख परंपरा को आकार देने वाले हमारे सिख गुरुओं की शिक्षाओं के बारे में बताया गया है। उन्होंने कहा कि गुरुओं का जीवन दर्शन, उनकी आध्यात्मिक चेतना और उच्च आदर्शमय जीवन, राष्ट्र और समाज में शांति की स्थापना के महान उद्देश्य के साथ उनके आदर्श



जीवन चरित्र के दर्शन हमें प्राप्त होते हैं। राज्यपाल ने कहा यह पुस्तक उच्च अनुसंधान और शोध को दर्शाती है, इसके लिए उन्होंने लेखकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से हमारे गुरुओं के महान त्याग और बलिदान की सामाजिक वैज्ञानिक अवधारणा को भी सामने लाया गया है। इस अवसर पर पुस्तक के लेखकों ले.ज.(रि.) आर एस सुजलाना और डॉ. रूपिंदर एस बराड़ ने पुस्तक के बारे में जानकारी दी और विस्तृत प्रकाश डाला। पुस्तक विमोचन के अवसर पर अध्यक्ष ओएनए ब्रिगेडियर एच.पी.एस. बेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### दो दिसंबर को रिलीज होगी गढ़वाली फिल्म मेरू गौं

देहरादून। गंगोत्री फिल्मस की गढ़वाली फिल्म मेरू गौं दो दिसंबर को रिलीज हो जाएगी। फिल्म पहाड़ से पलायन, राजधानी, परिसीमन आदि मुद्दों पर केंद्रित है। देहरादून में मंगलवार को तिब्बती मार्केट के समीप हुई प्रेसवार्ता में निर्माता राकेश गौड़ ने बताया कि फिल्म के जरिए पहाड़ की समस्याओं को लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की गई है। गीत लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी और जितेंद्र पंवार ने गाए हैं, जबकि संगीत संजय कुमोला ने दिया है। बताया कि फिल्म की शूटिंग गढ़वाल के कई गांवों में की गई है, जो 35 दिन में पूरी हुई। वरिष्ठ अभिनेता मदन डुकलान ने बताया कि फिल्म उत्तराखंड सिनेमा को दोबारा जीवित करने की कोशिश भी है।

# आदित्य और दीप ज्योति के परिजनों ने जताया आभार

देहरादून। उत्तराखंड क्रिकेट की अंडर–16 टीम में जगह बना आदित्य चक्रवर्ती और दीपज्योति चट्टोपाध्याय ने दून का मान बढ़ाया है। ऐसे में दोनों खिलाड़ियों के परिजनों ने बलूनी ग्रुप के एमडी विपिन बलूनी और उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन का विशेष आभार जताया है। आदित्य के पिता केके चक्रवर्ती ने कहा कि उत्तराखंड में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस कमी है तो इन युवाओं को अपना हुनर दिखाने के लिए मंच की। इस कमी को दूर करने के लिए बलूनी ग्रुप के एमडी विपिन बलूनी ने सराहनीय कार्य किए हैं। युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए वह उन्हें मंच प्रदान करने के लिए हर संभव कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि बलूनी क्रिकेट एकादमी का गठन कुछ ही साल पहले हुआ था जबकि मैदान को बने अभी एक साल का ही समय पूरा हुआ है। लेकिन इतने कम समय में एकादमी के कई खिलाड़ियों ने प्रदेश और देश के राज्यों में अपने बल्ले का जलवा दिखा उत्तराखंड का नाम रोशन किया है।

वहीं आदित्य की माता दीपांजलि चक्रवर्ती व दीपज्योति की माता रष्मिता चट्टोपाध्याय ने बताया कि बलूनी ग्रुप की ओर से दून के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए न सिर्फ मैदान बना एक मंच दिया, बल्कि कोरोना काल के मुश्किल समय में खिलाड़ियों से फीस न लेकर उन्होंने अभिभावकों को बड़ी राहत दी।

# जिलाधिकारी ने दिए टीकाकरण अभियान के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश

हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक में अधिकारियों से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सम्बन्ध में बहादराबाद, भगवानपुर, हरिद्वार अर्बन, खानपुर, लक्सर, नारसन, रूड़की आदि क्षेत्रों में टीकाकरण की प्रगति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने नारसन तथा खानपुर में टीकाकरण–खसरा, डिप्थीरिया आदि की धीमी प्रगति के सबन्ध में नाराजगी प्रकट की तथा टीकाकरण की प्रगति धीमी के सम्बन्ध में सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि एक दिसम्बर से प्रारम्भ होने वाले विशेष टीकाकरण सप्ताह के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना सुनिश्चित करें। 15 दिसम्बर को अभियान की समीक्षा की जाएगी। लक्ष्य प्राप्त न करने वालों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेगी। उन्होंने कहा कि अपना लक्ष्य प्राप्त करने वाले एनएनएम को प्रोत्साहित भी किया जायेगा। प्रोत्साहन के रूप में टीकाकरण का लक्ष्य जल्दी प्राप्त करने वाले 10 प्रथम एएनएम को पांच–पांच हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड–19 वैक्सीनेशन की तरह ही टीकाकरण कार्यक्रम को भी युद्ध स्तर पर चलाना सुनिश्चित करें। जिसमें प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने अधिकारियों निर्देश दिये कि ईंट–भट्ठा बाहुल्य वाले क्षेत्रों में निवासरत बच्चों के टीकाकरण के लिये अलग से कार्य योजना तैयार की जाये, जिसमें प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारियों का विशेष सहयोग लिया जाये।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि प्रत्येक एसीएमओ को टीकाकरण के सफल संचालन के सम्बन्ध में दो–दो ब्लाकों की जिम्मेदारी दें तथा इसकी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अध्यापक बच्चों को टीकाकरण के लिये प्रोत्साहित करें तथा रैलियां निकालकर बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करें।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा.कुमार खगेन्द्र, जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सेमवाल, डा. कोमल, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुश्री सुलेखा सहगल, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## द्विवार्षिक अधिवेशन आज से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजकीय शिक्षक संघ पौड़ी का पांचवा द्विवार्षिक अधिवेशन 30 नवंबर व 1 दिसंबर को राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन में जिले की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जयदीप रावत, जिलामंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि अधिवेशन के तहत 30 नवंबर को प्रथम सत्र में अधिवेशन का उदघाटन गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत करेंगे। इस सत्र में शैक्षिक उन्नयन पर गोष्ठी व चर्चा होगी। दूसरे सत्र में नई जिला कार्यकारिणी के लिए नामांकन, नाम वापसी व प्रत्याशियों का संबोधन होगा। 1 दिसंबर को मतदान, मतगणना व परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# वन्य जीवों के संवेदनशील रास्तों पर जल्द काटे झाड़ी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने राजस्व विभाग के साथ-साथ वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों व अन्य लोगों को बाघ से सुरक्षित रखने हेतु जो रास्ते वन्य जीवों की दृष्टि से संवेदनशील बने हुए है वहां पर झाड़ी कटान का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। जिससे बाघ का खतरा कम बना रहेगा और लोगों को परेशानियों का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों व अन्य लोगों को बाघ से सुरक्षित रखने हेतु वन कर्मियों व पीआरडी कार्मिकों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतु पोस्टर, बैनर चस्पा करें।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में वन पंचायत संबंधित बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन वन पंचातयों में बस्ता हस्तांतरित की कार्यवाही अभी तक शेष है, वहां एक सप्ताह में बस्ता हस्तांरतण की कार्यवाही पूर्ण करें। जिन वन पंचायतों में चुनाव होने बाकि हैं वहां एक सप्ताह में चुनाव पूर्ण करवायें। उन्होंने कहा कि पुरानी गठित वन पंचायतों में बस्ता हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण करें। डीएम ने नई वन पंचायतों के संबंध में निर्देशित किया कि वन पंचायतों के मानक के अनुरूप सभी जरूरी रिकॉर्डस, जमीन के अभिलेख, धरातल पर तथा डॉक्यूमेन्टेशन के मिलान इत्यादि का सर्वे और सत्यापन करते हुए तद्नुसार कार्य करें। इस अवसर पर डीएफओ गढ़वाल मुकेश कुमार, डीएफओ सिविल एवं सोयम केएन भारती, लैंसडौन दिनकर तेवाड़ी, उपजिलाधिकारी चौबट्टाखाल संदीप कुमार, वर्चुअल माध्यम से उपजिलाधिकारी कोटद्वार प्रमोद कुमार, तहसीलदार यमकेश्वर मनजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान एनआईसी कक्ष में वन पंचायत संबंधित बैठक लेते हुए।

# साइबर ठगों से वापस दिलवाई धनराशि

### कोटद्वार व लैंसडौन में तीन व्यक्तियों से ठगी गई थी धनराशि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोटद्वार व लैंसडौन में साइबर ठगी का शिकार हुए तीन व्यक्तियों के खाते में साइबर सैल ने ठगी गई रकम को वापस दिलवाया है। इस दौरान टीम ने आमजन को साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया।

प्रभारी साइबर सैल राजेंद्र सिंह खोलिया ने बताया कि 25 जुलाई को गाड़ीघाट निवासी एक व्यक्ति की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि किसी अनजान व्यक्ति ने इंटरनेट मीडिया पर उनका अश्लील वीडियों बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी। व्यक्ति ने इस एवज में उनसे एक लाख 97 हजार 999 रुपये भी ठग लिए हैं।

वहीं, 18 सितंबर को लैंसडौन के ग्राम बंठा निवासी संतोष बौंठियाल ने भी इंटरनेट मीडिया पर मिले एक व्यक्ति पर नोएडा में उनकी बेटी की नौकरी दिलवाने के नाम पर 39 हजार चार सौ रुपये ठगने का आरोप लगाया था।

साथ ही 19 सितंबर को शाहिद अहमद से आनलाइन मोटरसाइकिल खरीदने के नाम पर 26 हजार 398 हजार रुपये की ठगी की गई थी। बताया कि संबंधित बैंक से संपर्क कर तीनों व्यक्तियों के खाते से ठगी गई रकम को वापस लौटा दिया गया है।

# हड़ताल का दिखा असर, बंद रहा जीएमओयू बस व मैक्स वाहनों का संचालन

## आटोमेटिक फिटनेस सेंटर की अनिवार्यता व देहरादून, हद्विार में डीजल वाहनों को बंद करने का विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** ऑटोमेटिक फिटेनेस सेंटर की अनिवार्यता व देहरादून, हरिद्वार जिले में दस वर्ष पूराने डीजल विक्रम-ऑटो को बंद करने के विरोध में जारी हड़ताल का असर कोटद्वार में भी देखने को मिला।

देहरादून व हरिद्वार रूट पर पूरे दिन जीएमओयू की बस व मैक्स वाहनों का संचालन बंद रहा। ऐसे कई यात्री पूरे दिन इधर-उधर भटकते हुए नजर आए। हालांकि, उक्त रूट पर परिवहन निगम की बसों का संचालन किया जा रहा था। लेकिन, उसमें भी सीट के लिए मारामारी देखने को मिली।

### जीएमओयू व मैक्स सचालकों ने देहरादून व हरिद्वार के लिए नहीं किया अपने वाहनों का संचालन

मांगों के निराकरण को लेकर निजी वाहनों की ओर से मंगलवार को हड़ताल का एलान किया गया था। ऐसे में इसका असर गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में भी देखने को मिला। पर्वतीय क्षेत्रों के लिए तो यातायात पूरी तरह सुचारू रहा। लेकिन, जीएमओयू व मैक्स वाहनों ने देहरादून व हरिद्वार रूट पर अपने वाहनों का संचालन नहीं किया। ऐसे में पूरे दिन वाहन अपने अड्डे में ही खड़े दिखाई दिए। हड़ताल की जानकारी नहीं होने के कारण कई यात्री मैक्स वाहन की तलाश में भटकते रहे। लेकिन, परिवहन निगम की बसों से उन्हें राहत मिली।

परिवहन निगम कोटद्वार डिपो के एआरएम टीकाराम आदित्य ने बताया कि देहरादून व हरिद्वार रूट पर परिवहन निगम की एक दिन में बीस बसों का संचालन होता है।

हड़ताल के दौरान यात्रियों को परेशानी न हो, इसके लिए सोमवार शाम ही योजना बना दी गई थी। निर्णय लिया गया था कि यदी यात्रियों की भीड़ बढ़ी तो अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। लेकिन, यात्रियों की तादाद अधिक न होने के कारण उन्हें बसों में पर्याप्त सीटें मिल गई थी।

### यात्रियों को नहीं थी जानकारी

देहरादून व हरिद्वार रूट पर निजी वाहनों की हड़ताल के बारे में यात्रियों को कोई जानकारी नहीं थी। ऐसे में वह जीएमओयू बस अड्डे व मैक्स वाहनों के स्टेंड पर पूरे दिन वाहनों का इंतजार करते रहे। डाडामंडी निवासी सुधीर सिंह ने बताया कि मैक्स व जीएमओयू बस नहीं चलने से परिवहन निगम की बसों पर दबाव बढ़ गया था। जैसे ही बस अड्डे पर पहुंच रही थी तुरंत सीटें भर जा रही थी। मजबूरी में कई लोगों को छोटे वाहन बुक कर यात्रा करनी पड़ी


कोटद्वार में परिवहन निगम के बस अड्डे पर बस का इंतजार करते यात्री

# बुलेट बाइक से पटाखा फोड़ने वाले युवक गिरफ्तार

## शराब के नशे में शहर की सड़क पर दौड़ा रहे थे वाहन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शराब के नशे में बुलेट बाइक से पटाखा फोड़ रहे तीन युवाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक बुलेट के साथ ही एक अन्य मोटरसाइकिल में सवार होकर शहर की सड़कों पर उत्पात मचा रहे थे। पुलिस ने युवकों की मोटरसाइकिल को भी सीज कर दिया है।

शहर में पिछले कई माह से बुलेट का साइलेंसर बदलकर धमाके करने वालों की तादात बढ़ती जा रही है। ऐसे में सोमवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक शहर की सड़कों पर बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ते हुए उत्पात मचा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस युवकों की तलाश में निकल पड़ी। इस दौरान पुलिस को गोखले मार्ग से झंडाचौक की ओर से तेज रफ्तार में पटाखा छोड़ते हुए एक बुलेट बाइक आते हुए दिखाई दी। पुलिस ने युवकों को रोककर उनसे पूछताछ की तो वह नशे की हालत में धुत थे। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान एक पल्सर बाइक को भी रोका गया। बताया कि बाइक सवार युवा शराब के नशे में थे। दोनों बाइक को मॉडिफाइ करवाया गया था। मामले में बुलेट बाइक सवार गंगनहर–रुड़की निवासी लव आस्टिल, कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत ग्रास्टनगंज निवासी प्रणव व अतुल को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही दोनों बाइकों को भी सीज कर दिया गया है। वहीं, बुलेट बाइक दौड़ाते हुए इन युवकों का एक वीडिया सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है।



कोतवाली में पकड़े गए बाइक सवार युवक।

## परिवहन व्यवसाइयों की समस्याएं हल करने की मांग की

**पौड़ी** : पर्वतीय टैक्सी-मैक्सी महासंघ ने प्रदेश में परिवहन व्यवसाइयों की समस्याओं को हल करने की मांग उठाई है। महासंघ ने परिवहन मंत्री को ज्ञापन भेजकर जल्द ही परिवहन व्यवसाइयों की समस्याएं हल करने की मांग की है।

मंगलवार को पर्वतीय टैक्सी-मैक्सी महासंघ ने प्रदेश के परिवहन मंत्री को ज्ञापन भेजकर 7 सूत्रीय समस्याएं हल करने की मांग उठाई। इस दौरान महासंघ के अध्यक्ष कोतवाल सिंह नेगी ने परिहवन मंत्री से वाहनों की फिटनेस पूर्व की भांति ही करवाने, वाहन को आयु पूर्ण होने तक पूरे प्रदेश का परमिट दिए जाने, गढ़वाल व कुमाउ मंडल में अलग-अलग नियमावली को एक करने, पहाड़ में सीट बैल्ट की अनिवार्यता को समाप्त करने, पर्वतीय क्षेत्रों में बने ड्राइविंग लाइसेंस में हिल की अनिवार्यता समाप्त करने, आरटीए की बैठक में एक प्रतिनिधिमंडल कुमाउ व एक गढ़वाल से रखने, चुनाव में लगे वाहनो का जल्द भुगतान करने की मांग उठाई है।

# स्वास्थ्य विभाग टीकाकरण कार्यों का गंभीरता से क्रियान्वयन करें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि मातृ और बाल स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए एवं बाल मृत्युदर को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग टीकाकरण कार्यों का गंभीरता से क्रियान्वयन करें। जिलाधिकारी ने ''हाई रिस्क प्रेग्नेंसी'' वाले मामलों को बेहतर तरीके से डील करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके लिए एक मॉनिटरिंग एप बनाने के निर्देश दिये। जिसमें ''हाई रिस्क प्रेग्नेंसी'' के मामले साझा किये जाय। इस एप में मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ-साथ सभी स्थानीय स्वास्थ्य यूनिट प्रभारी, महत्वपूर्ण चिकित्सक, नर्सेज इत्यादि जुड़े हों, ताकि चिकित्सा निदान की बेहतर सूचना उपलब्धता के आधार पर बेहतर चिकित्सा दी जा सके।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में 12 से 22 दिसम्बर तक स्पेशल इम्यूनाइजेशन वीक (विशेष टीकाकरण सप्ताह) के अन्तर्गत यूनिर्वसल नियमित टीकाकरण किये जाने के संबंध में स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को हाउस-टू–हाउस सर्वे और टीकाकरण पूर्ण करने के लिए माइक्रो प्लानिंग बनाते हुए उसका बेहतर क्रियान्वयन करने को कहा। उन्होंने इस अवधि में आशा, एनएम, एएनएम आदि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र में रहकर टीकाकरण का कार्य संपादन के निर्देश दिये। उन्होंने सीमांत क्षेत्रों और पिछले टीकाकरण में जिन क्षेत्रों में कुछ बच्चे छूट गये हैं उन क्षेत्रों को कवर करने हेतु विशेष योजना बनाकर कार्य करने को कहा।

जिलाधिकारी ने टीकाकरण के दौरान टीकों के लिए न्यूनतम तापमान बनाने रखने के लिए कोल्ड-फ्रिज बॉक्स को सही हालात में पर्याप्त मात्रा में रखने एवं वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था हेतु जनरेटर, सोलर पैनल इत्यादि की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पिछले बार के गैफ को आइडेन्टिफाई करते हुए उसमें सुधार करें। जिलाधिकारी ने बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सुपरवाईजरों के माध्यम से टीकाकरण में आवश्यक सहयोग प्रदान करने, जिला पंचायतीराज अधिकारी को ग्राम सभा की बैठक के माध्यम से टीकाकरण हेतु सचेत करने, शिक्षा विभाग को स्कूली बच्चों के माध्मय से जागरूक करने, वन विभाग को रिमोट इलाकों में टीकाकरण के लिए जरूरी सहयोग करने को कहा।

एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर ने बताया कि जनपद में विशेष टीकाकरण सप्ताह में बच्चों की संख्या 80,298, घरों की संख्या 1,67,350 तथा कुल वैक्सीनेटर की संख्या 172 का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी मुकेश कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला पंचायतीराज अधिकारी जितेंद्र कुमार, आरटीओ अनीता चंद, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## हाथी से बचने को खाई में गिरा व्यक्ति, घायल

**कोटद्वारः** कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाथियों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर धमके हाथियों से बचने के चक्कर में एक व्यक्ति खाई में गिर गया। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ ने घायल व्यक्ति को खाई से बाहर निकालकर बेस अस्पताल में भर्ती करवाया। निंबूचौड़ निवासी सोहन लाल ने बताया कि मंगलवार तड़के वह अपने वाहन से दुगड्डा से कोटद्वार आ रहे थे। इसी दौरान लालपुल के समीप अचानक हाथियों का झुंड आ धमका। हाथियों को देख राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। कई लोग अपने वाहनों को छोड़कर भागने लगे। बताया कि वह भी अपने वाहन से नीचे उतरे और भागले लगे। लेकिन, इस दौरान उनका पैर फिसला और वह खाई में गिर गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ ने उन्हें राजकीय बेस चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

## बूंखाल मेला 3 को, तैयारियां तेज

**पौड़ी** : जिले के राठ क्षेत्र के बूंखाल में होने वाले मेले को तैयारियां तेज हो गई हैं। 3 दिसंबर को यहां पर मेला आयोजित किया जएगा। मेले को शांतिपूर्व संपन्न करवाने को लेकर प्रशासन ने भी मंदिर समिति व ग्रामीणों के साथ बैठक कर सहयोग की अपील की है। बलि निषेध मां बूंखाल कांलिका मंदिर मेला समिति के अध्यक्ष गजे सिंह, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह ने बताया कि मेले को शांतिपूर्वक करवाने को लेकर बैठक में कई निर्णय लिए गए है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि मंदिर परिसर में कोई भी श्रद्धालु लाठी-डंडों व हथियार के साथ प्रवेश नहीं करेगा। शांति व्यवस्था के लिए मंदिर परिसर में पुलिस भी तैनात रहेगी। मेले को शांतिपूर्वक करवाने को लेकर प्रशासन को पूरा सहयोग किया जाएगा।

# 112 ग्राम अवैध चरस के साथ एक गिरफ्तार

**पौड़ी** : पौड़ी जिले की धुमाकोट पुलिस ने 112 ग्राम अवैध चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्रीमती श्वेता चौबे के निर्देशन में बढ़ते नशे की प्रवृति पर अंकुश लगाने हेतु पौड़ी पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अभियान के क्रम में जनपद की धुमाकोट पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ने चैकिंग के दौरान अभियुक्त मदन सिंह रावत पुत्र रमेश सिंह रावत, निवासी नियर चौधरी हॉस्पिटल, नगला दास फेस-2, थाना फेस-2 नोएड़ा, जनपद गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी ग्राम स्यारा, पोस्ट सराईखेत, जनपद अल्मोड़ा को धुमाकोट चौक के पास से 112 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। जिस सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना धुमाकोट पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। एसएसपी श्रीमती श्वेता चौबे ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को नशे के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है या कोई व्यक्ति नशे के कार्यों में संलिप्त रहता है अथवा किसी व्यक्ति के सार्वजनिक स्थान पर नशा करने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होती है तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाने/आपातकालीन नम्बर डायल-112 में देकर एक नशामुक्त समाज बनाने में पुलिस का सहयोग कर अपनी भूमिका निभाएं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष धुमाकोट दीपक तिवाड़ी, कांस्टेबल राकेश कुमार, गणेश, प्रवीण भूषण आदि शामिल थे।

## बंद रहा टैक्सी सेवाओं का संचालन, यात्री परेशान

**श्रीनगर गढ़वाल** : उत्तराखंड परिवहन महासंघ के आह्वान पर अलकनंदा कमांडर टैक्सी समिति श्रीनगर की ओर से फिटनिस एवं 10 साल पुराने वाहनों को रोड से हटाने के विरोध में चक्का जाम को पूर्ण समर्थन दिया गया। जिससे ऋषिकेश-देहरादून, टिहरी व अन्य लोकल रूटों पर चलने वाली टैक्सी सेवाओं का संचालन नहीं हो पाया। इससे लोगों को आवाजाही के लिए अन्य विकल्पों का सहारा लेना पड़ा। जिसके कारण अलकनंदा कमांडर टैक्सी समिति श्रीनगर द्वारा संचालित टैक्सी वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से ठप रही। टैक्सी वाहनों के न चलने से देहरादून, ऋषिकेश व दुग्डडा, डांगचौरा, गडोलिया, टिहरी आदि स्थानीय रूटों पर लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। इस दौरान समिति से जुड़े चालकों व वाहन स्वामियों ने विरोध भी प्रकट किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, सचिव विक्रम सिंह गुसांई, कोषाध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा, योगेंद्र सिंह चौहान, गजपाल सिंह रावत, लक्ष्मण सिंह नेगी, संदीप, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# चुगान के लिए खोली जाएं मालन नदी

## यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मालन नदी को स्थानीय जनता की आवश्यकता को देखते हुए चुगान के लिए खोलने की मांग की है। कहा कि इस संबंध में गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

इस संबंध में कार्यकर्ताओं ने यूथ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रूपेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया है।ज्ञापन में कहा गया है कि निर्माण कार्यों हेतु मालन नदी में पिछले कुछ समय से चुगान कार्य की अनुमति नहीं है। इस कारण सरकारी निर्माण सहित आम जन को महंगे दामों पर रेत, बजरी क्रय करनी पड़ रही है। इससे स्थानीय व्यवसायियों और मजदूरों के रोजगार पर भी प्रतिकूल प्रभाव से संकट उत्पन्न हो गया है।

ज्ञापन में प्रदेश राज्यपाल से जनहित को देखते हुए मालन नदी को रेत व बजरी चुगान के लिए खोलने के लिए सरकार को निर्देशित करने की अपील की गई है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रवेश रावत, बलबीर सिंह रावत, प्रवीन सिंह, राजेंद्र सिंह, सुनील दत्त सेमवाल, जगदीश मेहरा, अमित राज सिंह,राजा आर्य और विनोद रावत आदि थे।


कोटद्वार तहसील में राज्यपाल को ज्ञापन भेजते यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता

# नियमितीकरण की मांग को कार्मिकों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना



नैनीताल। कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं-गढ़वाल मंडल विकास निगम के कार्मिकों ने आंदोलन शुरू कर दिया है।

मंगलवार से केएमवीएन मुख्यालय में कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस दौरान कार्मिकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। कहा, केएमवीएन व जीएमवीएन के एकीकरण से पूर्व कर्मचारियों को नियमित किया जाए। महासंघ अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कुमाऊं व गढ़वाल मंडल विकास निगम के कर्मचारी एक सूत्रीय मांग नियमितीकरण को लेकर आंदोलित हैं। इस संबंध में संयुक्त महासंघ की ओर से पूर्व में कई बार सरकार से पत्राचार किया जा चुका है। पूर्व में नोटिस देने के बाद जब मांगों पर संज्ञान नहीं तो अनिश्चिकालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। हालांकि विभाग में तैनात 32 कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई है। लेकिन नियमित करने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। कुमाऊं में 450 जबकि गढ़वाल में 600 कर्मचारी ऐसे हैं, जोकि बीते लंबे समय से नियमित नहीं हो सके हैं। कर्मचारी केएमवीएन व जीएमवीएन के एकीकरण का समर्थन करते हैं। लेकिन इससे पूर्व कार्मिकों को नियमित किया जाना चाहिए। इसके अलावा कोविड के दौर में इन्हीं कर्मचारियों ने फ्रंट लाइन में रहकर कार्य किया। टीआरसी समेत अन्य स्थानों पर कर्मचारी तैनात रहे। लेकिन सरकार की ओर से कार्मिकों को वॉरियर भी घोषित नहीं किया गया। मंगलवार को कर्मचारियों ने पौधरोपण के बाद धरना शुरू किया। प्रदर्शन में महामंत्री ओम प्रकाश भट्ट, कार्यकारी अध्यक्ष जोगिंदर लाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन चंदोला, किशन पवार, पीतांबर दुम्का, दिनेश सांगुडी, अजय कांत, आशीष उनियाल, रामू पंत, तारा भट्ट, गौतम कुमार शामिल रहे।

## अधिकारी और कर्मचारी मुख्यालय में बने रहे

अल्मोड़ा : डीएम वंदना ने बताया कि विस का तृतीय सत्र मंगलवार से शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में अपेक्षित विधानसभा प्रश्नों के उत्तर और विधानसभा से संबंधित अन्य वांछित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त अधिकारियों की मुख्यालय में उपस्थिति अनिवार्य होने के निर्देश मुख्य सचिव की ओर से दिए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि जनपद के समस्त अधिकारी और कर्मचारी विस सत्र की अवधि में मुख्यालय में अनिवार्य रूप से बने रहें और अपने अधीनस्थ कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को भी तद्नुसार निर्देशित करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा सभी अधिकारी कार्यालय अवधि के बाद भी मुख्यालय, दूरभाष, मोबाइल पर अपनी उपस्थित बनाये रखें ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी भी समय संपर्क किया जा सके। (एजेंसी)

# डीआरएम ने इलेक्ट्रिक रेल लाइन देखी

काशीपुर। रामनगर से काशीपुर इलेक्ट्रिक रेल लाइन का रेलवे प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एके शुक्ला एवं डीएआरएम रेखा यादव ने निरीक्षण किया। बताया कि उच्चाधिकारियों की हरी झंडी मिलते ही इलेक्ट्रिक लाइन पर इंजन दौड़ा दिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान रामनगर से कटघर तक तक बिछाई गई इलेक्ट्रिक लाइन और तीन विद्युत गेटों को भी जांचा गया। मंगलवार को प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एके शुक्ला ने कहा कि रामनगर से लेकर कटघर तक करीब 73 किलोमीटर रेल लाइन में इलेक्ट्रिक लाइन बिछाई गई है। इलेक्ट्रिक लाइन में रास्ते में तीन गेट आ रहे हैं। जिनका भी निरीक्षण किया गया। जल्द ही उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद इलेक्ट्रिक इंजन दौड़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक ट्रेन चलने से खर्च कम आएगा। साथ ही इंजन बदलने के झाम से भी निजात मिलेगी। इससे समय की भी बचत होगी।

बताया कि विभाग की तरफ से विद्युत लाइन रेल को सुरक्षा जांच के बाद जल्द आमजन के लिए चालू करा दिया जाएगा। वहीं, डीआएम ने कहा कि इलेक्ट्रिक लाइन को चालू करने से पहले सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं को जांच कर शुरू किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था इरकोन के महाप्रबंधक संजीव कुमार, कार्यकारी निदेशक सुभाष चंद्रा, मंडलीय वाणिज्य अध्यक्ष एसके राय, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक अजय चौधरी, स्टेशन अधीक्षक रवि शंकर, जीपी कश्मीरा रहे।

## नंदा गौरा कन्याधन योजना के नए प्रारूप का अभिभावकों ने किया विरोध

चम्पावत : नंदा गौरा कन्याधन योजना के नए प्रारूप का अभिभावकों ने विरोध किया है। उन्होंने सरकार से योजना के प्रारूप को पूर्व की तरह रखने की मांग उठाई। मंगलवार को एसएमसी अध्यक्ष राजेश चौबे के नेतृत्व में अभिभावकों ने कन्याधन योजना में निर्धारित किए गए फार्म के नए प्रारूप का कड़ा विरोध किया है। अभिभावकों का कहना है कि नए प्रारूप में तीन साल की आय, भूमि का बाजार मूल्य, भवन का मूल्य, माता-पिता के पिछले तीन साल का स्टेटमेंट, सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना में परिवार की स्थिति का विवरण, विगत तीन माह का बिजली बिल और पानी बिल का विवरण आदि की जानकारी मांगी गई है।



## चौखुटिया में घने कोहरे बढ़ी ठंड

अल्मोड़ा : चौखुटिया में लगातार एक सप्ताह से सुबह के समय लग रहे घने कोहरे के चलते ठंड में काफी इजाफा हो गया है। सर्दी, जुखाम, बुखार जैसी बीमारियां भी इस कोहरे के चलते फैल रही हैं। दिन में करीब 11 बजे से पहले कोहरा नहीं छट रहा है। बड़े बुजुर्गों का मानना है कि खुशक ठंड के चलते व दोपहर एक बजे बाद ठंडी हवा चलने से रात्रि में भी ठंड काफी होने लगी है। वर्तमान में क्षेत्र में हरी सब्जियां पैदा हो रही हैं। इनमें मुख्य रूप से पालक, लाई की फसल है। इसके अलावा लहसुन, धनिया को भी कोहरे के साथ गिर रही ओस से नुकसान हो रहा है। प्रगतिशील किसान जगत बोरा ने बताया कि चांदीखेत में पालक की फसल पूरी बर्बाद होने लगी है। आलू खेती को भी नुकसान की संभावना जताई। बताया कि चांदीखेत में प्रत्येक परिवार वर्तमान समय में हरी सब्जियों को बाजार में बेचने के अलावा यहां का पालक द्वाराहाट, भिकियासैंण को भेजा जाता है। इस बार कोहरा जल्दी लगने के चलते ओस गिरने से पालक की फसल गलने लगी है। (एजेंसी)

## सरयू घाट पर निर्माणाधीन शौचालय को लेकर डीएम सख्त, मांगी रिपोर्ट

बागेश्वर : सरयू घाट पर निर्माणाधीन शौचालय को लेकर डीएम सख्त हो गई हैं। उन्होंने कहा कि एजीटी के मानकों के अनुसार यदि शौचालय नहीं होगा तो उसे ध्वस्त किया जाएगा। उन्होंने पालिका से रिपोर्ट तलब की है। मालूम हो कि नगर पालिका परिषद सरयू–गोमती और विलुप्त सरस्वती के घाट और नए पुल के नीचे शौचालय का निर्माण कर रही है। जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। यहां पर मकर संक्रांति पर्व पर स्नान भी होता है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों से भी श्रद्धापूर्वक लोग वर्ष भर संगम पर स्नान करते हैं। जनेऊ संस्कार और अन्य धार्मिक आयोजन होते हैं। इसके अलावा श्मशान घाट भी है। यहां पालिका के शौचालय बनाने का विरोध है।

# विहिप ने किया डीएम कार्यालय में प्रदर्शन



बागेश्वर : विश्व हिंदू परिषद ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने सरयू नदी किनारे बन रहे शौचालय को ध्वस्त करने की मांग की। कहा कि नमामि गंगे योजना के नियमों को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे। नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया और डीएम को ज्ञापन सौंपा। कहा कि नमामि गंगे योजना की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। बागनाथ की पवित्र भूमि को खराब करने का काम किया जा रहा है। सरयू नदी किनारे शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। शाम को उसी स्थान से गंगा आरती होती है। जनेऊ संस्कार के अलावा अन्य संस्कार होते हैं। सनातन धर्म के लोगों के साथ यह अन्याय है। उन्होंने कहा कि यदि शौचालय बना तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कुंदन टंगड़िया, कुनाल ड्यारकोटी, करन कठायत, तनिष्क देव, संजय नेगी, राहुल सिंह, नगर अध्यक्ष नवीन रौतेला, प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख शेर सिंह मलड़ा आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

# पेंशन बहाली को कर्मचारियों ने किया महारैली का आह्वान




अल्मोड़ा : पुरानी पेंशन बहाली मंच द्वाराहाट के बैनर तले कई विभागों के राजकीय कर्मचारियों ने संगठित होकर नगर पंचायत हॉल के सभागार में एक बैठक की। बैठक में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में नई पेंशन योजना का विरोध कर पुरानी पेंशन की एक सूत्रीय मांग की पुरजोर वकालत की। वक्ताओं ने नई पेंशन प्रणाली के विरोध और पुरानी पेंशन के समर्थन में भविष्य में धरना प्रदर्शन, रैली और ज्ञापनों के माध्यम से अपनी बात सरकार तक लगातार पहुंचाने का आह्वान किया। कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारी की अस्मिता और उनके बुढ़ापे की लाठी है, जिसे कर्मचारियों को वापस मिलना नितांत आवश्यक है। ताकि सरकारी सेवा के प्रति नई पीढ़ी का विश्वास कायम रहे। बाद में सभी कर्मचारियों ने इस मामले में एसडीएम के माध्यम से सरकार को एक ज्ञापन भी भेजा। बैठक को पेंशन बहाली मंच द्वाराहाट के अध्यक्ष मोहन जोशी, सचिव नंदा बल्लभ मैनाली, संरक्षक गिरीश मठपाल, गणेश भट्ट, डॉ. विकास पालाधी, सलाहकार डॉ. बलवंत अधिकारी, मीडिया प्रभारी दीपक पाण्डेय, मंजू शर्मा, माया मेहरा आदि ने संबोधित किया। यहां डॉ. दीपक मेहता, प्रकाश जोशी, मनीष पांडेय, भावना लोहनी, प्रीति अधिकारी, आशा आर्या, भावना नगरकोटी, पूजा गोस्वामी, अंजलि साह, पूरन बिष्ट, जगदीश कांडपाल, पूरन मैनाली, विक्रम सिंह, तारा रौतेला, संजय जोशी, दिनेश आर्या, संजय सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पुलिस ने फर्जी आईडी बनाने वाले युवक को नोटिस तामिल किया

पिथौरागढ़ : सोशल साइट्स इंस्टाग्राम में युवती की फर्जी आईडी बनाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने नोटिस तामिल किया। बीते एक नवंबर को एक युवती ने कोतवाली में तहरीर दी थी। युवती का कहना था कि एक अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी आईडी बनाकर उसकी फोटो इंस्टाग्राम में पोस्ट कर अभद्र टिप्पणी की है। पुलिस ने धारा 66 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान खेल निवासी राजेंद्र सिंह धामी का नाम सामने आया। पुलिस ने आरोपी युवक को बीते रोज कोतवाली बुलाया। युवक ने अपना जुर्म स्वीकारा है।

# शिविर में 122 लोगों को बांटी दवा



अल्मोड़ा : गोग्राम उत्थान ट्रस्ट थापला के गोशाला परिसर में आयुर्वेदिक विभाग ने वृहद निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इसमें 122 लोगों का स्वास्थ परीक्षण कर दवा बांटी गई।

मंगलवार को गो ग्राम ट्रस्ट थापला के गोशाला के स्थापना वर्षगांठ के मौके पर सुंदर कांड का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयुर्वेदिक शिविर में डॉ. मुकेश गुप्ता ने स्वस्थ्य जीवन के लिये नियमित योगाभ्यास, संतुलित भोजन और स्वच्छता के लिये प्रेरित कर आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार व लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यहां चिकित्सकों ने 122 ग्रामीणों का स्वास्थ परीक्षण किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद सिंह असवाल, डॉ. अभिलाषा गुप्ता, डॉ. मुकेश गुप्ता, डॉ.नंदलाल शुक्ला, ममता को सम्मानित किया। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट, लीला बिष्ट, ग्वाल बाल लोक सेवा समिति सचिव ललित जोशी, आनंद असवाल, चंद्रशेखर नैलवाल, दुर्गा देवी, पूरन चंद्र नैलवाल, भूपेश नैलवाल, शंकर फुलारा, मोहन सिंह, मोहन चंद्र काला, पूरन चंद्र पांडेय, गंगा देवी, निर्मला देवी, संगीता, नीरज, पूरन सिंह, जगत सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत किया



काशीपुर। विधानसभा बाजपुर के कुंडेश्वरी मंडल पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान आयोजित नुक्कड़ सभा में जिलाध्यक्ष ने बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। मंगलवार को कुंडेश्वरी स्थित हिमालयन कॉलोनी, शिव मंदिर में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुखीजा ने कार्यकर्ताओं को प्रदेश व केंद्र सरकार की आगामी कार्य योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उनको जन जन पहुंचने के निर्देश दिया।

कहा कि शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर पार्टी को और मजबूत करने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बाजपुर के सैनिक प्रकाश सिंह की मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखा। यहां भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश कुमार, मंडल अध्यक्ष परमिंदर सिंह विर्क, महामंत्री मंगल सिंह रावत, धर्मपाल, अंबिक चौधरी, आनंद सिंह बिष्ट, परमजीत पम्मा, सुरेंद्र शर्मा, रईस अहमद, लाल सिंह बोरा, रेखा परमार, निशा चौहान, ललिता सिंह, विक्रम सिंह, गुलशन गप्पी रहे।

## गोपाल अध्यक्ष और रितेश महासचिव बने

नैनीताल। नगर पालिका के नगर निकाय कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर मंगलवार को संघ भवन में चुनाव आयोजित किया गया। इसमें 75 कर्मचारियों ने मत का प्रयोग किया। इस दौरान दिनभर कार्यालय में चुनावी माहौल रहा। मुख्य चुनाव अधिकारी सुनील खोलिया ने बताया कि गोपाल नेगी अध्यक्ष, हंसा दत्त बहुगुणा उपाध्यक्ष, रितेश कपिल महासचिव चुने गए। जबकि अजय चौहान निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने गए। पालिका में 89 कर्मचारी रजिस्टर्ड हैं। जिनमें से 75 कर्मचारियों ने अपने मत का प्रयोग किया। गोपाल नेगी को 38, हंसा दत्त बहुगुणा को 43, रितेश कपिल को 38 मत प्राप्त हुए।

# हाईकोर्ट शिफ्टिंग के विरोध में एकजुट हुए अधिवक्ता, की बैठक



नैनीताल। उत्तराखंड अधिवक्ता संयुक्त मोर्चा की ओर से हाईकोर्ट बार एसोशिएसन के सभागार में मंगलवार को हाईकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर एक बैठक बुलाई गई। इस दौरान हाईकोर्ट को अन्यत्र शिफ्ट न करने और नैनीताल में जन सुविधाओं को विकसित करने पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पर्वतीय क्षेत्र से हाईकोर्ट को मैदान में शिफ्ट न करने की बात की। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी की अध्यक्षता में हुई सभा में अधिवक्ता रमन कुमार साह ने कहा कि उन्होंने पलायन व शिफ्टिंग के संबंध में सूचना अधिकार के तहत सूचना मांगी थी। लेकिन, सूचना गोपनीय होने का कथन देते हुए सूचना अधिकारी की ओर से जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एमसी पंत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने उड़ीसा हाईकोर्ट की बैंच के संबंध में सुनवाई करते हुए कहा था, कि अब न्यायालयों में सुनवाई विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जा रही है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अब इसे आगे बढ़ाने का समय आ गया है। इसलिए हाईकोर्ट की बेंच की आश्यकता नहीं है। आंध्र प्रदेश के मामले में भी हाईकोर्ट की मुख्य पीठ को स्थानांतरित करने की मांग पर असहमति जताई। वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व सांसद महेंद्र पाल ने स्थानीय विधायक समेत पहाड़ से हो रहे पलायन पर चिंतित विधायकों से मांग की, कि वह नैनीताल से हाईकोर्ट की शिफ्टिंग व पलायन के मुद्दे पर विधान सभा में प्रस्ताव रखें। पहाड़ से हाईकोर्ट व अन्य सरकारी दफ्तरों को मैदानी क्षेत्रों में शिफ्ट न किया जाए। लिहाजा पहाड़ी क्षेत्रों में जन सुविधाओं को विकसित करने की आवश्यक्ता है। इस मौके पर उत्तराखंड अधिवक्ता संयुक्त मोर्चा के संयोजक दुर्गासिंह मेहता, अधिवक्ता शीतल सेलवाल, नरेंद्र पपनै, शिवानंद भट्ट, भूपेंद्र प्रसाद, विजयलक्ष्मी फर्त्याल, एमएस भंडारी, सूरज पांडे, प्रेम सिंह सॉन, निरंजन भट्ट, अविदित नौलियाल, नितिन कार्की, त्रिलोचन पांडे, जेसी कर्नाटक आदि रहे।

# महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी : डीएम

## डीएम ने रात्रि चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

चम्पावत : डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने कहा कि महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यव्था की धुरी हैं। गड़कोट ग्राम पंचायत में लगाई रात्रि चौपाल में डीएम ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कृषि, पशुपालन व अन्य कार्यों में महिलाओं का अहम योगदान रहता है। इस दौरान डीएम ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। सोमवार रात गड़कोट ग्राम पंचायत के डाबरी प्राथमिक स्कूल में रात्रि चौपाल लगाई गई। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत डीएम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। डीएम ने कहा कि समस्याओं के निदान के लिए सभी को पहल करनी होगी। उन्होंने कहा कि पशुपालन से आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सकता है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार बढ़ाने के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से स्वरोजगार परक योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। उन्होंने बीडीओ को सुरक्षा दीवार निर्माण, आर्थिक सहायता और गौशाला की आवश्यकता वाले ग्रामीणों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बताया कि सूची के आधार पर शासन को प्रस्ताव भेजे जाएंगे। करीब तीन घंटे चली चौपाल में 35 ग्रामीणों ने समस्याएं रखी। इससे पूर्व प्रधान प्रकाश चंद्र और बुजुर्ग जगन्नाथ गड़कोटी ने सभी का स्वागत किया। डीएम, सीडीओ व अन्य अधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय में रात्रि विश्राम किया। (एजेंसी)

## स्वीप की टीम ने मतदाताओं को दी जानकारी

बागेश्वर : विकासखंड गरुड़ के दूरस्थ गांव गढ़खेत में स्वीप टीम ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया। इस मौके पर मतदाताओं को विभिन्न जानकारियां दी गई। स्वीप के सह नोडल अधिकारी आलोक पांडे की अध्यक्षता में गढ़खेत में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य किया गया। सहायक नोडल अधिकारी स्वीप कैलाश प्रकाश चंदोला ने फॉर्म 6, 7 व 8 की जानकारी दी। स्वीप के उमेश चंद्र जोशी ने ग्राम सभा की वोटर लिस्ट से नाम जोड़ने व हटाने के बारे में बताया। स्वीप टीम ने वोटर हेल्पलाइन नंबर, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, मतदाता जंक्शन व नए वोटरों के नाम जोड़ने से संबंधित कार्य योजना पर प्रमुखता से विचार रखे। प्रधानाध्यापक ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर कई युवक व युवतियों का चयन वोटर लिस्ट में नाम चढ़ाने के लिए किया गया। गांव में शादी के बाद आई युवतियों का नाम जोड़ा गया। इस दौरान आधार कार्ड से लिंक करना बताया गया। ऑनलाइन कार्ड बनाना व नाम काटने के बारे में चर्चा की गई।

## मंड़ी समिति ने लगाया 10 हजार का जुर्माना

हल्द्वानी : कृषि उत्पादन मंडी समिति रामनगर ने सेब एवं चीकू पकड़ कर 10 हजार रुपया का जुर्माना वसूला हैं। मंडी सचिव सहील अहमद ने बताया कि मंगलवार को मंडी समिति का सचल दल हल्दुवा काशीपुर रोड पर चेकिंग कर रहा था। जिसमें एक वाहन रोका गया। जिसमें 70 पेटी सेब और 30 पेटी चीकू लदा हुआ था। सेब चीकू व्यापारी असगर पुत्र मेहर अली निवासी ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद मंडी से संबंधित प्रपत्र मांगे जो नहीं दिखा पाया। इस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सचल दल में मंडी निरीक्षक बी एल दुबे, सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र पंत, सुनील कुमार,भैरव कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# अवैध वसूली का जरिया बन गई गोल्डन हेल्थ कार्ड योजना

चम्पावत : राजकीय शिक्षक संघ ने गोल्डन हेल्थ कार्ड योजना को अवैध वसूली करार दिया है। संगठन की जिला स्तरीय संगोष्ठी में पदाधिकारियों ने ये आरोप लगाया। बैठक में शिक्षकों की तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। मंगलवार को जीआईसी चम्पावत में राशिसं की जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह अधिकारी की अध्यक्षता में हुई संगोष्ठी में पदाधिकारियों ने कहा कि गोल्डन हेल्थ कार्ड योजना सुविधा न होकर अवैध वसूली का जरिया बन गई है। पदाधिकारियों ने चम्पावत में शिक्षक भवन की स्थापना करने पर जोर दिया। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चर्चा की गई। कहा कि नई पेंशन योजना से रिटायर्ड होने वाले शिक्षक और कर्मचारी का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। शिक्षकों के लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए अधिकारियों से बैठक में चर्चा करने का निर्णय लिया। अटल उत्कृष्ट स्कूलों में बोर्ड परीक्षा के संचालन में आने वाली समस्याओं पर विचार विमर्श किया। जिला मंत्री इंदुवर जोशी के संचालन में हुई संगोष्ठी में उपाध्यक्ष अनिल कुमार, संयुक्त मंत्री सुरेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष सुनील पांडेय, चम्पावत ब्लॉक अध्यक्ष विनोद गहतोड़ी, बाराकोट के खुशाल सिंह रावत, लोहाघाट के दीपक अधिकारी, बाराकोट के ब्लॉक मंत्री रितेश वर्मा, उपाध्यक्ष विक्रम फर्त्याल, संगठन मंत्री चंद्र प्रकाश टम्टा, प्रचार मंत्री दीपक चौड़कोटी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पुलिस ने नशा मुक्ति के बारे में बताया

पिथौरागढ़ : मुनस्यारी स्थित हीरा देवी राजकीय इंटर कॉलेज में पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। थानाध्यक्ष मुनव्वर हुसैन के नेतृत्व में पुलिस टीम विद्यालय पहुंची। इस दौरान उन्होंने छात्र–छात्राओं को बाल अपराध, महिला सुरक्षा, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल भिक्षावृत्ति, साइबर क्राइम, बाल विवाह, नशा मुक्ति के बारे में बताया।

## आशाओं ने रात्रि विश्राम हेतु अलग कमरा बनाने की मांग उठाई

चमोली : मंगलवार को आयोजित आशा संवाद कार्यक्रम में आशाओं ने प्रसव के दौरान रात्रि विश्राम के लिए एक अलग कमरा बनाने की मांग की है। आशाओं ने कहा कि जब प्रसूता के साथ आशा को अस्पताल आना पड़ता है उस दौरान आशाओं को अस्पताल की गैलरी में या प्रसूता के साथ ही रात गुजारनी होती है। उपजिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ब्लाक प्रमुख चंद्रेश्वरी देवी ने कहा कि गांवों में स्वास्थ्य की कमान आशाओं ने संभाल रखी है। खास तौर पर गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य संबधी जानकारी एवं सहायता के लिए आशाएं लगी हैं। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. स्नेहलता पुरोहित ने भी आशाओं के काम काज को सराहा। आशाओं ने अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड को प्राथमिकता के साथ किए जाने की मांग भी की। कार्यक्रम में डा. हरीश थपलियाल, ब्लाक कोआर्डिनेटर लक्ष्मी रावत, कार्यक्रम अधिकारी विनय बहुगुणा,, नंदी देवी, देवेश्वरी देवी, गीता देवी, उर्मिला देवी सहित आशा फेसीलेटर एवं सुपरवाइजर आदि मौजूद थे।



## सीडीओ ने जड़ी बूटी का क्षेत्र बढ़ाने पर दिया जोर

चमोली : जनपद में जडी बूटी की खेती को बढावा देने तथा गांव व किसानों को चिन्हित करने के उदेश्य से मुख्य विकास अधिकारी/निदेशक एचआरडीआई डॉ ललित नारायण मिश्र ने वीसी के माध्यम से सभी बीडीओ के साथ बैठक की। उन्होंने जनपद में जडी बूटी का क्षेत्र बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि किसान बढ़चढ़ कर जडी बूटी की खेती करें तथा लाभ कमाएं। कहा कि बन्दर व सुअर भी इस खेती को नुकसान नहीं पहुंचाते। घेस गांव में कुटकी का बडी मात्रा में उत्पादन हो रहा है और वहां के किसान अच्छी आय प्राप्त कर रहें हैं। बैठक में जडी बूटी शोध संस्थान के डा कुनियाल ने जनपद में अनुमन्य जडी बूटी व सगंध पौधों की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जडी–बूटी जैसे कूट कुटकी के लिए 3 नाली तक निःशुल्क पौध उपलब्ध कराए जाते हैं तथा सगंध पौध जैसे रोजमेरी, लैमन ग्रास के लिए 5 नाली तक निःशुल्क पौध उपलब्ध कराए जाते हैं उन्होंने कहा कि इसके लिए किसान भाई जडी बूटी संस्थान मण्डल तथा अपने ब्लॉक में आवेदन कर सकते हैं बैठक में पीडी आनन्द सिंह, एपीडी डॉ. महेश सहित सभी बीडीओ वर्चअल माध्यम से उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

श्रीनगर गढ़वाल : श्री गुरु राम राय पाब्लिक स्कूल श्रीनगर गढ़वाल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान विद्यालय की भूतपूर्व छात्रा प्रियल थपलियाल एवं अलंकृति नेगी को सम्मानित किया गया।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ रोटरी क्लब अध्यक्ष खिलेन्द्र चौधरी ने किया। उन्होंने विद्यालय के मेधावी एवं विभिन्न क्षेत्रों में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने विद्यालय के अनुशासन तथा परीक्षा परिणाम की सराहना की। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वन्दना, नृत्यनाटिका, लोकगीत, लोकनृत्य एवं भावगीत की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य दान सिंह बिष्ट ने अभिभावकों के समक्ष वार्षिक रिपोर्ट रखकर विद्यालय की गातिविधियों तथा उपलब्धियों को प्रस्तुत किया।

# नैनीडांडा में बीजेपी जिलाध्यक्ष बीरेंद्र रावत का किया भव्य स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भाजपा जिलाध्यक्ष कोटद्वार बीरेंद्र सिंह रावत ने नैनीडांडा क्षेत्र का भ्रमण कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार क्षेत्र भ्रमण पर आए बीरेंद्र सिंह रावत का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। हल्दूखाल, नैनीडांडा व धुमाकोट में कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की कार्यकर्ताओं से अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा एवं नगर निकाय चुनाव में जुटने का आह्वान किया।

मिलन केंद्र कसाना धुमाकोट में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि वह संगठन के एक समर्पित सिपाही के रूप में संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिम्मेदारी मिलने के बाद वे निरंतर मंडलों के प्रवास व क्षेत्र भ्रमण में है। कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, इस तरह के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि संगठन के निर्देशानुसार जिला व मंडलों में कार्यकारिणी व प्रकोष्ठों के पुनर्गठन का कार्य निर्धारित समय पर पूरा करने की प्रक्रिया शुरू कर ली गई है। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ताओं के साथ तालमेल रखकर, सभी का यथोचित सम्मान रखते हुए, सबको एकजुट रखते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महामंत्री शशि कुमार ध्यानी, महामंत्री सुनील चौहान, ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, पूर्व जिलामंत्री मोहन सिंह नेगी, एमडी रावत, गोविंद सिंह रावत, मुन्नी ध्यानी, किरन नौगाईं, सत्यपाल सिंह रावत, कमल किशोर ध्यानी, मनोज खर्कवाल आदि शामिल थे। बैठक का संचालन सुनील चौहान ने किया।

## डॉ. कविता को मिलेगा रामचन्द्र शुक्ल पुरस्कार

रुद्रप्रयाग : डॉ. कविता भट्ट शैलपुत्री को साहित्य अकादमी, मध्य प्रदेश का अखिल भारतीय आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (आलोचना) पुरस्कार के लिए चयनित होने पर जनपद के विभिन्न लोगों ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि कविता ने साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए निरंतर सफलताएं हासिल की है। डॉ. कविता भट्ट टिहरी गढ़वाल में जन्मी है। जबकि कोटमा कालीमठ में उनका ससुराल है। उनकी इस महती उपलब्धि पर समस्त प्रदेश वासियों, साहित्य जगत और व्यापक स्तर पर उनके पाठकों व प्रशंसकों ने खुशी व्यक्त की है।

रुद्रप्रयाग मुख्यालय से लेकर केदारघाटी की कालीमठ और मदमहेश्वर घाटी में खुशी की लहर है। डॉ. भट्ट ने इस पुरस्कार के लिए अपने चयन हेतु अकादमी के निदेशक, निर्णायक मंडल तथा अकादमी और संस्कृति मंत्रालय को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार मिलने से उनका दायित्व और भी अधिक बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि वे अब पूर्व से भी अधिक परिश्रम करके शैक्षणिक और साहित्यिक जगत को नई कृतियां समर्पित करती रहेंगी। डॉ. कविता भट्ट शैलपुत्री की लेखनी से अब तक 24 पुस्तकें और सैकड़ों रचनाएं सृजित हुई हैं। वर्ष 2020 में उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद की सलाहकार सदस्य भी मनोनीत किया गया। (एजेंसी)

## सजग व सर्तक रहते हुए बैंकिंग करने की सलाह दी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वाधान में उत्तराखंड ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय पौड़ी द्वारा बीजीआर कैम्पस कॉलेज पौड़ी में राष्ट्रव्यापी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कॉलेज के डायरेक्टर डा. प्रभाकर बडोनी ने सभी स्टाफ व छात्र-छात्राओं को सजग व सतर्क रहते हुए बैंकिंग करने की सलाह दी। आयोजित कार्यक्रम में अग्रणी बैंक प्रबंधक अनिल कटारिया ने सुरक्षित बैंकिंग लेन देन से सम्बंधित जानकारियां दी। जिसमें विशेषकर डिजिटल लेनदेन में आवश्यक रूप से बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने बैंकिंग से जुड़े लेन देन में आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई। इस अवसर पर कॉलेज परिवार के सभी छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता के साथ-साथ सरकार की विभिन्न सामाजिक सेवाओं से जुड़ी हुई योजनाओं की विस्तार में जानकारी दी गई। इस मौके पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंकिंग जागरूकता के बारे में मौजूदा लोगों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल डोभाल, वरिष्ठ प्रबंधक चंडी प्रसाद पाण्डेय, वरिष्ठ प्रबंधक विशाल खत्री, प्रबंधक आशीष मैठाणी, प्रबंधक विशाल प्रधान व अन्य गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## 3 दिसम्बर को आयोजित होगा शिविर

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : समाज कल्याण विभाग द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर 3 दिसंबर को विभागीय स्तर पर संचालित समस्त योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मानसिक दिव्यांगों हेतु चिकित्सक भी उपस्थित रहेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि मधुर मिलन बारात घर नया बस अड्डा में आयोजित होने वाले शिविर में विशेष रूप से दिव्यांगों के विशिष्ट पहचान पत्र यूडीआईडी, कृत्रिम अंग वितरण, दिव्यांग प्रमाण–पत्र बनाए जाएंगे।

## किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया तो होगी कार्रवाई

उत्तरकाशी : थाना धरासू में स्थानीय व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक लेते नव नियुक्त थानाध्यक्ष कमल कुमार लूंठी ने कहा कि नगर क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्र में जो भी बाहरी लोग निवास कर रहे हैं, उनका सत्यापन करवाना जरूरी है। कहा कि किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराये जाने पर जुर्माने के साथ विधिक कार्यवाही की जायेगी। मंगलवार को नव नियुक्त थानाध्यक्ष धरासू कमल कुमार लूंठी ने चिन्यालीसौड़, पीपलमंडी, सुलीठांग, बड़ेथी व धरासू के व्यापारियों व स्थानीय लोगों के साथ बैठक आयोजित की। इस मौके पर उन्होंने सभी व्यापारियों को होटल, ढ़ाबों में शराब न परोसने की हिदायत दी।

# चौरास परिसर में 35 घंटे तक धरना प्रदर्शन पर डटे रहे छात्र

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर से चौरास परिसर के अंदर तक छात्रों को बस सेवा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मंगलवार को दिन भर बवाल मचा रहा। एक ओर जय हो संगठन के कार्यकर्ता सोमवार से करीब 35 से अधिक घंटों से चौरास परिसर में धरना प्रदर्शन पर डटे रहे। वहीं मंगलवार को छात्र संघ पदाधिकारियों व अन्य छात्र नेताओं ने चौरास पुल में धरना प्रदर्शन कर विवि के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। जय हो ग्रुप के कार्यकर्ताओं ने सोमवार की पूरी रात खुले में धरना प्रदर्शन किया व कॉलेज बस को धरना प्रदर्शन स्थल से हटाने नहीं दिया।

गढ़वाल केंद्रीय विवि में चौरास परिसर तक बस सेवा उपलब्ध कराए जाने की मांग तूल पकड़ती जा रही है। इस मामले में अलग-अलग छात्र संगठनों ने विवि के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। छात्रम संगठन की ओर से पूर्व में इस संदर्भ में विवि के कुलसचिव को ज्ञापन देकर 29 नवंबर को धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। वहीं सोमवार को जय हो संगठन के कैवल्य जखमोला, अंकित रावत, सुधांशु थपलियाल, पुलकित अग्रवाल आदि ने चौरास परिसर के अंदर चौपहिया वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए लगाए गए सीमेंट के ब्लॉक को जबरन हटाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। मंगलवार को छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन नेगी, उपाध्यक्ष रोबिन व विवि प्रतिनिधि अमन पंवार ने चौरास पुल पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि इस दौरान बस चालक ने छात्रों के कहने पर दूसरे रास्ते से विवि के अंदर बस को पहुंचा दिया। जिस पर विवि प्रशासन सकते में आ गया। इधर जय हो संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक विवि प्रशासन ने विधिवत आदेश जारी नहीं किया उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। (एजेंसी)

## तीन लोगों को 7 साल की सजा के साथ जुर्माना

नई टिहरी : फर्जी फाईनेंस कंपनी खोलकर लोन बांटने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों में संजय, पंकज कुमार व अतुल त्यागी को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने 7 साल की कठोर सजा और 59 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। जबकि तीन आरोपियों को पुख्ता सबूत न मिलने पर बरी किया है। अभियोजन अधिकारी सीमा रानी व अजय रावत ने यह जानकारी देते हुए बताया कि किर्तिनगर थाने में वादी मीट की दुकान चलाने वाले करीमुद्दीन ने 12 अप्रैल, 2015 को शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोप था कि उसे कारोबार बढ़ाने के लिए लोन की जरूरत थी। जिस पर उसने कंपनी से लोन लेने के लिए स्काई लाईट कंस्ल्टिंग में आवेदन किया। जिस पर कंपनी के नाम पर आरोपियों ने लोन के नाम पर फर्जी चेक देकर उनसे पैसा भी लिया। उन्हें 10 लाख व रहीस को 5 लाख का चेक दिया गया। इस तरह से उनके साथ धोखाधड़ी कर चूना लगाने का काम किया गया। जब बैंक में चैक जमा किए गए तो वादी को धोखाधड़ी का पता चला। पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर पर 420, 467, 468, 471, 120 बी में मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले में 6 जुलाई, 2015 को आरोप पत्र दायर किया। अभियोजन ने मामले में 17 गवाहों के साथ विभिन्न साक्ष्य दिये।

## अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को धरना प्रदर्शन जारी

श्रीनगर गढ़वाल : अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच, आरोपियों का नार्को टेस्ट कराए जाने व परिजनों को न्याय दिलाए जाने की मांग को लेकर यहां डीएसओ छात्र संगठन व महिला सांस्कृतिक संगठन की ओर से मंगलवार को धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस मौके पर धरने पर बैठे लोगों ने सरकार एवं शासन–प्रशासन के रवैए पर आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया। कहा इस मामले को दबाने की कोशिशें की जा रही हैं।पौड़ी बस अड्डा पीपलचौरी में अंकिता भंडारी प्रकरण में आरोपियों को सजा दिलाए जाने व अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया है। धरने के दूसरे दिन वक्ताओं ने कहा कि इस मामले में अभी तक चार्जशीट दाखिल नहीं की गई है, जिससे आरोपियों को बचाए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि पहाड़ के लिए इस तरह की संस्कृति खतरनाक है। ऐसे मामलों के विरोध में यदि आवाज नहीं उठाई गई तो यह सिलसिला चलता रहेगा। इसे रोकने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। धरने प्रदर्शन में विजेता सेमवाल, विनीता खंडूरी, पूजा भंडारी, वंदना गुसाईं, मोनिका चौहान, प्रभाकर बाबुलकर, योगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)




## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (कनिष्ठ खण्ड) कोटद्वार गढ़वाल**

दीवानी वाद संख्या 109 सन् 2022
श्री मुनेश्वर दत्त बलूनी उर्फ मोहन लाल आयु 62 वर्ष, पुत्र स्व0 रघुवर दत्त, निवासी ग्राम बागी छोटी, पो0ओ0 मोहनी संकरी, वाया कांडाखाल, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।(मोबाइल नम्बर)
--- वादी

बनाम

1- आम जनता।
2- ग्राम प्रधान, ग्रामसभा बागी छोटी, पो0ऑ0 मोहनी संकरी, वाया कांडाखाल, कोटद्वार गढ़वाल।
3- उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय पौड़ी, जनपद पौड़ी गढ़वाल।
4- तहसीलदार महोदय, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

----प्रतिवादीगण

**समन बनाम-** आम जनता

चूकि वादी ने अपने नाम को मोहन लाल के स्थान पर मुनेश्वर दत्त करवाने हेतु एक दावा वास्ते घोषणात्मक आज्ञप्ति मेरे न्यायालय में प्रस्तुत किया है। लिहाजा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को उक्त वादी के नाम को सही करने हेतु एतराज हो वह दिनांक 20-12-2022 को बवक्त 10 बजे दिन मेरे न्यायालय में स्थान कोटद्वार में हाजिर आकर मामले में पैरवी करें। अन्यथा मामले में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 24-11-2022 को जारी किया गया।

**न्यायालय सिविल जज (क0ख0) कोटद्वार गढ़वाल।**


# जिला स्तरीय खेल महाकुंभ शुरू, कबड्डी में दषोली ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**



चमोली : खेल मैदान गोपेश्वर में जनपद स्तरीय खेल महाकुम्भ का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी कडी मेहनत से आप यहां तक पहुंचे हैं और राज्य स्तर पर आपको जनपद का नाम रोशन करना है।

खेल महाकुम्भ 29 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चलेगा जिसमें बालक-बालिका वर्ग के अण्डर-14, अण्डर-17 तथा अण्डर-21 में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 29 नवम्बर व 30 नवम्बर को बालिका वर्ग की तीनों वर्गों में कब्बडी, खो–खो तथा वॉलीबाल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। अब तक कबड्डी अण्डर-17 में दशोली प्रथम व देवाल दूसरे नम्बर पर, व अण्डर-21 में दशोली प्रथम, कर्णप्रयाग दूसरे नम्बर पर तथा खो-खो अण्डर-14 में गैरसेंण प्रथम व थराली दूसरे नम्बर पर रहे। जिला युवा कल्याण अधिकारी एसएस भण्डारी ने बताया कि जनपद स्तर खेल महाकुंभ में ब्लॉक स्तर पर विजेता टीमों के द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जिला स्तर पर विजेता टीम को 700 द्वितीय को 500 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 300 रूप्ये को इनाम, प्रमाण पत्र व मेडल दिया जाएगा। विजेता टीमें राज्य स्तर पर 12 दिसम्बर से होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगी। इस दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी सहित खेल विभाग, युवा कल्याण विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी व प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## विद्यालय में पानी की समस्या पर भड़के डीएम, अधिकारियों को लगाई फटकार

उत्तरकाशी : चिन्यालीसौड़ व कण्डियाल गांव पुरोला में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बनी पेयजल की समस्या पर डीएम अभिषेक रूहेला ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने लापरवाही के लिए जल संस्थान के अधिकारियों को फटकार लगाई और त्वरित गति से समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला ने कलक्ट्रेट प्रेक्षागृह में जिला शिक्षा परियोजना समिति, समग्र शिक्षा की बैठक ली। उन्होंने विद्यालयों में पानी, बिजली, दरवाजे, खिड़की, छातों आदि बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने को लेकर संबधित अधिकारियों को अवश्य निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के प्रत्येक निमार्ण कार्यों का चार्ट बनाया जाये। ताकि कार्यों की प्रगति को लेकर मानिटरिंग की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा को लेकर विकास परख जो भी गतिविधियों जनपद में संचालित की जाती है उनका प्रचार–प्रसार भी अवश्य रूप में कराया जाये। सीईओ को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, वनाग्नि, नशे की रोकथाम, आत्म सुरक्षा आदि को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही जिले भर में दिव्यांगों के सर्वे करायें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों को डायट में विशेष प्रशिक्षण दिया जाये। ताकि आंगनबाड़ी में बच्चों की शुरुआती शिक्षा को मजबूत किया जा सके। बैठक में मुख्य शिक्षाधिकारी जेएन काला, जिला पंचायत सदस्य मनीष राणा, अपर संख्याधिकारी मनोज कुमार, आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी जशोदा बिष्ट, उप शिक्षा डुण्डा हर्षा रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। (एजेंसी)

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सरकार का महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी कार्यक्रम



चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को क्लक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को एनएचएम के अन्तर्गत संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सरकार का एक महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिसके तहत संक्रामक एवं गैर–संक्रामक बीमारियों को प्राथमिक स्टेज पर ही नियन्त्रित किया जा सकता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, नियमित टीकाकरण, परिवार कल्याण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य और एनीमिया मुक्त कार्यक्रम पर गहनता से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु लोगों को जागरूक कर शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु कल्याण कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं में खून की कमी या अन्य समस्याओं को रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जाए। दूरस्थ क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव से पूर्व अस्पताल के आसपास रहने की व्यवस्थाएं की जाए। जिलाधिकारी ने पीसीपीएनडीटी एक्ट का भी कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि जिन केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं द्वारा अल्ट्रासाउंड कराने के बाद डिलीवरी कम हो रही है, ऐसे मामलों की गहनता से जांच की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एनएचएम के तहत संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा करते हुए प्रभावी ढंग से स्वास्थ्य कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित किया जाए। सभी पात्र लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, सीएमओ डा. राजीव शर्मा, एससीएमओ डा.उमा रावत, एसीएमओ डा.एमएस खाती, एसीएमओ डा. बीपी सिंह, वरिष्ट स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. उमा रानी शर्मा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)


## कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक :- 3186/कर अनु0/ना0/2022-23 दिनांक 18-11-2022

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213 (ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय सक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 203 | 203 वार्ड नं0 9 बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार | श्री डॉ0 प्रभुदयाल सिंह नेगी पुत्र श्री हरक सिंह उर्फ हर्ष सिंह नेगी | श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह नेगी पुत्र श्री हरक सिंह उर्फ हर्ष सिंह नेगी | दाननामा रजिस्ट्री, फ्री-होल्ड रजिस्ट्री की छायाप्रति, एवं शपथ पत्र |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।

जयन्त-विचार



सम्पादकीय

# उम्मीदों का सत्र

उत्तराखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। सरकार ने इस बार सत्र में कुछ महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए हैं जिन पर उम्मीद की जा रही है कि मोहर लग जाएगी। इनमें सबसे प्रमुख सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण को लेकर उत्तराखंड लोक सेवा(महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण) विधेयक 2022 समेत 11 विधेयक है जिस पर सहमति होना लगभग तय माना जा रहा है। तमाम विरोध आवासो के बावजूद भी विपक्ष की ओर से इस पर कोई बाधा उत्पन्न होगी इसकी उम्मीदें कम है। योग विपक्ष के पास इस बार सदन में उठाने के लिए उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला एवं अंकिता हत्याकांड की जांच का मुद्दा सदन में हंगामा मचाने के लिए काफी है। इस बार सत्र में कई ऐसे मुद्दे प्रखर रूप लेने वाले हैं जिनसे सरकार पहले से ही जूझ रही है। सबसे बड़ी चुनौती धामी सरकार को उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षाओं में पेपर लीक होने को लेकर है जिसमें विपक्ष पहले से ही सरकार को घेर रहा है। वही विधानसभा में बैक डोर से हुई भर्तियों में लगातार बदल रही परिस्थितियों से भी सरकार को घेरने की कोशिश विपक्ष करेगा। तय है कि विपक्ष इन दोनों मुद्दे के साथ अंकिता हत्याकांड की जांच को लेकर भी विधानसभा में जोरदार बहस करने वाला है। उत्तराखंड के चर्चित अंकिता हत्याकांड को लेकर सीबीआई जांच की मांग की जा रही है। बात करें एसआईटी की जांच की तो अब इस एजेंसी की जाट पर स्वयं परिजनों ने उंगली उठा दी है और वे विभिन्न संगठनों के माध्यम से सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। सरकार को सदन में भी इस मुद्दे पर जवाब देना पड़ सकता है। हालांकि इस सब के बीच धामी सरकार ने महिला आरक्षण का विधेयक सदन में पेश कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उत्तराखंड की महिलाओं से जुड़ा यह बेहद महत्वपूर्ण बिल सदन में पास होता है तो यह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल वाली भाजपा सरकार की एक बड़ी उपलब्धि होगी। इससे पूर्व भी इस प्रकरण में अदालती दांवपेच भी जारी रहे। यह तय है कि विधानसभा का सत्र शांतिपूर्ण होने वाला नहीं है। सदन में सरकार को घेरने के लिए पिछले कुछ समय में विपक्ष के हाथ कुछ चल ऐसे म'ुद्दे लगे हैं जो सरकार के लिए सदन में परेशानियां पैदा कर सकते हैं। हालांकि यह तभी संभव हो पाएगा जब विपक्ष अपनी पूरी तैयारी के साथ सदन में आए। इधर एक बड़ी चिंता सदन के शांतिपूर्ण तरीके से चलने को लेकर भी है क्योंकि कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मोहर लगनी बाकी है और यदि सदन का यह सत्र हंगामे की भेंट चढ़ा तो फिर लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।

# समझदार बनें सियासी पार्टियां

प्रो.(ड) आरपी. गुप्ता

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता मतदान द्वारा सांसद, विधायक एवं त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था में अपने जन प्रतिनिधि को चुनती है।

चुने हुए जनप्रतिनिधियों से देश को अपेक्षा रहती है कि ये जन सरोकार के मुद्दों पर विचार-विमर्श कर निति-निर्धारण का कार्य करेंगे लेकिन जब इन माननीयों का रिश्ता अपराध जगत से जुडने लगता है तो जनमानस का विास टूटता है।

भारत में 80 के दशक से राजनीति का अपराधीकरण हो गया। आज चुनाव में धनबल एवं बाहुबल का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जाता है। राजनीतिक दलों द्वारा आपराधिक छवि वाले व्यक्ति को धनबल एवं बाहुबल के कारण टिकट दिया जाता है। अब राजनीति में सेवा भाव से आने वाले लोगों की संख्या कम देखने को मिलती है। भारतीय राजनीति में कई ऐसे दौर आए हैं, जब अपराधियों को राजनीतिक दलों द्वारा संरक्षण देकर माननीय बनाया गया है। अपराधियों को राजनीति में बढ़ावा मिलने से समाज की शांति, सौहार्द भी बिगड़ा है। इसलिए राजनीति का अपराधीकरण हो या अपराधी का राजनीतिकरण, दोनों ही राष्ट्र एवं लोकतंत्र के लिए घातक हैं। राजनीति का अपराधीकरण की समस्या लोक सभा एवं विधानसभा तक ही सीमित नहीं है। इसके गहरी जड़ें नगर निकाय और पंचायत चुनाव तक फैल चुकी हैं। परिणामस्वरूप अपराधी प्रवृत्ति के लोग चुनाव लड़ते हैं, धन और बाहुबल के दम पर जीतते भी हैं।

1999 में एसोसिएशन फर डेमोक्रेटिक रिफर्म्स (एडीआर) द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मई, 2002 में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राष्ट्रीय, राज्यस्तरीय एवं स्थानीय चुनाव में उम्मीदवार को नामांकन भरने के दौरान अपनी आपराधिक, वित्तीय और शैक्षणिक जानकारी विस्तृत ढंग से सार्वजनिक करने का निर्देश दिया था। बाद में कोर्ट के आदेश को विधेयक के माध्यम से दिसम्बर, 2002 को पलट दिया गया था। इसे पुनरू न्यायालय में चुनौती दी गई जिस पर सर्वोच्च अदालत ने मार्च, 2003 को अपने फैसले में विधेयक को असंवैधानिक बताते हुए पूर्व के आदेश को लागू कर दिया था।

**2018 में लोक प्रहरी बनाम भारत संघ के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपराधियों को मदद पर रोक लगाने की दिशा में निर्देश दिए थे। फिर पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन बनाम भारत संघ सितम्बर, 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि चुनाव लडने से पूर्व उम्मीदवारों को उनके विरु द्ध चल रहे आपराधिक मामलों की जानकारी चुनाव आयोग के साथ-साथ प्रिंट एवं इलेक्ट्रनिक मीडिया को देकर सार्वजनिक करनी होगी। इस पर कोई पहल नहीं होने के कारण पुनरू 14 फरवरी, 2020 को सुप्रीम कोर्ट ने राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण के संबंध में याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने फैसले में कहा था कि सभी राजनीतिक दलों को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की सूची सार्वजनिक करनी होगी। प्रत्याशी चयन करने के 72 घंटों के भीतर इस संबंध में चुनाव आयोग को भी सूचित करना होगा।**

लिली थमस बनाम भारत सरकार के चर्चित मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 (4) को असंवैधानिक घोषित करते हुए फैसला सुनाया था कि किसी भी सदन का कोई भी सदस्य अपराध में दोषी पाया जाता है तथा 2 वर्ष और उससे अधिक




समय के लिए कारावास की सजा मिलती है तो तत्काल प्रभाव से उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी और 6 वर्ष तक चुनाव लडने के लिए अयोग्य होगा। 2018 में लोक प्रहरी बनाम भारत संघ के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपराधियों को मदद पर रोक लगाने की दिशा में निर्देश दिए थे। फिर पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन बनाम भारत संघ सितम्बर, 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि चुनाव लडने से पूर्व उम्मीदवारों को उनके विरु द्ध चल रहे आपराधिक मामलों की जानकारी चुनाव आयोग के साथ-साथ प्रिंट एवं इलेक्ट्रनिक मीडिया को देकर सार्वजनिक करनी होगी। इस पर कोई पहल नहीं होने के कारण पुनरू 14 फरवरी, 2020 को सुप्रीम कोर्ट ने राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण के संबंध में याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने फैसले में कहा था कि सभी राजनीतिक दलों को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की सूची सार्वजनिक करनी होगी। प्रत्याशी चयन करने के 72 घंटों के भीतर इस संबंध में चुनाव आयोग को भी सूचित करना होगा। कोर्ट के आदेश पर अमल नहीं करने वाले राजनीतिक दलों पर न्यायालय की अवमानना के अंतर्गत चुनाव आयोग कानूनी कार्रवाई कर सकता है।

सही है कि जनता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव स्वेच्छा से करती है, लेकिन यह भी सत्य है कि राजनीतिक दलों की पसंद दागी उम्मीदवार रहते हैं। इसलिए जनता के चुनने से पूर्व ही राजनीतिक दल उम्मीदवार के रूप में ऐसे लोगों को चुन कर टिकट दे देते हैं। अपराध के रास्ते राजनीति में आए नेता राष्ट्र की बात तो दूर अपने पार्टी के प्रति भी समर्पित नहीं होते। यूपी, बिहार समेत कई अन्य राज्यों में विभिन्न दलों के उम्मीदवारों की सूची देखने से पता चलता है कि जनता के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि अपराधियों के प्रतिनिधि का चुनाव हो रहा है। इस परिस्थिति में जनता के समक्ष कोई विकल्प नहीं होता है। 2013 से पूर्व भारत में प्रत्याशियों को नकारने की कोई व्यवस्था नहीं थी, लेकिन 2013 से नोटा का विकल्प उपलब्ध होने के बाद अंतर देखने को मिला है। समस्या के समाधान के लिए राजनीतिक दलों को आगे आना होगा। उम्मीदवार का चयन करते समय बस जीत की जिद नहीं होनी चाहिए। उन्हें पार्टी हित से ऊपर उठकर भारतीय लोकतंत्र को श्रीसंपन्न करने पर विचार करना चाहिए।

# बात होती है दिल्ली की !

यह बात शायद ही कभी चर्चा में आती है कि देश के अनेक दूसरे इलाकों के लोग दिल्ली से भी अधिक प्रदूषण झेलने को मजबूर हैं। लेकिन वहां के बाशिंदों की सेहत की चिंता शायद किसी को नहीं होती।

दिल्ली में हर साल दिवाली के आसपास प्रदूषण का धुआं आसमान में छा जाता है। तब मीडिया के लेकर सियासी हलकों तक में इसकी जोरदार चर्चा होती है। राजनीतिक दलों के बीच तू तू-मैं मैं होती है और तरह-तरह की चिंताएं जताई जाती हैं। लेकिन यह बात शायद ही कभी चर्चा में आती है कि देश के अनेक दूसरे इलाके दिल्ली से भी अधिक प्रदूषण झेलने को मजबूर बने हुए हैं। वहां के बाशिंदों की सेहत की चिंता शायद किसी को नहीं होती। जबकि इस खबर पर गौर करें। 20 नवंबर को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 423 के साथ बिहार का मोतिहारी भारत का सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा। दूसरे नंबर पर 411 एक्यूआई के साथ दरभंगा तथा तीसरे नंबर पर 401 के साथ सीवान रहा। बेगूसराय, कटिहार, बेतिया, पूर्णिया, अररिया, मुजफ्फरपुर, बक्सर, समस्तीपुर और पटना की हवा भी काफी खराब चल रही है। मगर क्या बिहार में प्रदूषण और वायु की खराब गुणवत्ता पर पूरे देश में वैसी चर्चा हुई, जैसी अभी कुछ दिन पहले दिल्ली के बारे में हो रही थी।

शिकागो विश्वविद्यालय की एनर्जी पलिसी इंस्टीट्यूट की ओर से किए गए एक अध्ययन के अनुसार बिहार, उत्तर प्रदेश समेत सात राज्यों की लगभग पूरी आबादी पीएम 25 की जद में हैं। अधिकारियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश के खेतों में जलाई जा रही पराली का धुआं भी बिहार में हवा को खराब कर रहा है। पश्चिम से आने वाली हवा की वजह से यूपी का धुआं बिहार की ओर आ रहा है। उससे राज्य के सीमावर्ती जिले इससे खासे प्रभावित हो रहे हैं। बाकी कारण तो वही हैं, जो हर जगह देखने को मिलते हैं। मसलन श्पेड़ों की कटाई, शहर के अंदर कचरे को जलाना, सड़क-पुल या भवन निर्माण आदि में निर्धारित मानदंडों का पालन नहीं करना, निर्माण सामग्रियों का बिना ढंके परिवहन आदि। इन सब वजहों से वायु गुणवत्ता सूचकांक में खतरनाक स्तर तक वृद्धि होती है। लेकिन इसका समाधान कैसे किया जाए, इस प्रश्न बिहार जैसे राज्यों में चर्चा भी नहीं होती है। इस तरह लोग जोखिम भरे वातावरण के बीच जीने को अभिशप्त बने हुए हैं।

# गुजरात को ऐसे जीतना क्या जीतना?

**दिल्ली हो या गुजरात या हिमाचल प्रदेश हर तरफ नरेंद्र मोदी अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगाने, साम-दाम-दंड-भेद सब कुछ झोंकने के बावजूद चुनाव जीतते हुए भी हारेंगे। इसलिए कि असली हार-जीत तो तब होती है जब खेल ईमानदार हो। गुजरात और उसके प्रमुख गढ़ सूरत में क्या नौबत जो आप पार्टी को अपने उम्मीदवार के अपहरण की चिंता करनी पड़ी। ये चुनाव ऐसे ही हैं कि यदि फुटबल विश्व कप में मोदी की कप्तानी में शाह, जेपी नड्डा, योगी की टीम खेल रही होती तो दुनिया देखती कि इस टीम ने इग्लैंड के खिलाडियों को खरीद लिया, किसी को पैसे दिए, किसी का अपहरण किया, उनका खाना-पानी गायब कर दिया और हर खिलाड़ी को डरा दिया कि यदि तुमने खेला तो ईडी-सीबीआई छोड़ देंगे।**

**हरिशंकर व्यास**

नरेंद्र मोदी गुजरात जीतेंगे लेकिन योगी आदित्यनाथ के बूते यदि जीते तो मोदी-शाह के लिए क्या डूबने वाली बात नहीं? यदि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के वोटों के बंटने से जीते तो वह क्या जीते? लगभग हर दिन प्रधानमंत्री की रैलियों तीन महीने से लगातार प्रचार, पूरे देश के भाजपा नेताओं की कथित करपेट बाम्बिंग, विपक्ष के उम्मीदवारों को तोडने से लेकर पानी की तरह पैसा बहाने के तमाम हथकंडों के बावजूद यदि कांग्रेस 40-50 सीट जीत जाए, भाजपा के वोट 40 प्रतिशत तक गिर जाएं और आप 20-25 प्रतिशत वोट पा जाए तो वह क्या नरेंद्र मोदी की वाहवाही वाली जीत होगी?

सोचें, कल्पना करें कि जिस गुजरात में 27 साल से हिंदू राज है। नरेंद्र मोदी का कथित विकास मडल है वहां अरविंद केजरीवाल की फ्री बिजली या हजार रुपए मुफ्त जैसी रेवडियों का शहरी गुजराती दिवाना दिखलाई दे। केजरीवाल से मोदी-शाह इतने घबराएं कि उसी वक्त में दिल्ली में एमसीडी के चुनाव करवाएं। और एक नगरपालिका के चुनाव में केंद्र के मंत्री से लेकर चार-




चार मंत्री एक साथ प्रचार करते हुए दिखें। अरविंद केजरीवाल एंड पार्टी को गुजरात छोड़ कर दिल्ली के चुनाव के लिए लौटना पड़े।

पर मेरा मानना है कि दिल्ली हो या गुजरात या हिमाचल प्रदेश हर तरफ नरेंद्र मोदी अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगाने, साम-दाम-दंड-भेद सब कुछ झोंकने के बावजूद चुनाव जीतते हुए भी हारेंगे। इसलिए कि असली हार-जीत तो तब होती है जब खेल ईमानदार हो। गुजरात और उसके प्रमुख गढ़ सूरत में क्या नौबत जो आप पार्टी को अपने उम्मीदवार के अपहरण की चिंता करनी पड़ी। ये चुनाव ऐसे ही हैं कि यदि फुटबल विश्व कप में मोदी की कप्तानी में शाह, जेपी नड्डा, योगी की टीम खेल रही होती तो दुनिया देखती कि इस टीम ने इग्लैंड के खिलाडियों को खरीद लिया, किसी को पैसे दिए, किसी का अपहरण किया, उनका खाना-पानी गायब कर दिया और हर खिलाड़ी को डरा दिया कि यदि तुमने खेला तो ईडी-सीबीआई छोड़ देंगे।

सचमुच नरेंद्र मोदी के लोकतंत्र में चुनाव, जबरिया चुनाव हो गए हैं। हर तरह की नौटंकी, जबरदस्ती का चुनाव। बस, जीतना है तो सब कुछ लुटा कर मतलब सत्य-संस्कार-चरित्र, ईमानदारी-खेल की भावना आदि को दांव पर लगा कर बस जीत जाओ। विपक्ष के पास नहीं रहने दो, उसके तैयार हुए खिलाड़ी को खरीद लो, उनका खर्चा-पानी खत्म कर दो, रेफरी को खरीदे रखो, एकतरफा नारेबाजी-तालियां बजवाओ और आखिर में रेफरी से घोषणा करवा दो कि नरेंद्र मोदी भारत केसरी, गुजरात केसरी, हिंदू केसरी!

हैरानी की बात है कि ऐसे खेले से मोदी-शाह उबते हुए नहीं हैं? कल्पना करें कि ब्रिटेन में चुनाव और राजनीति मोदी-शाह जैसी हो जाए, ा षि सुनक चुनाव जीतने का फर्मूला मोदी का अपना लें तो क्या होगा? या दुनिया के ओलंपिक, विश्व फुटबल कप के मालिक मोदी-शाह बन जाएं वे अपनी हिंदू शैली में खेल-खिलाडियों के आयोजन करवाएं तो अपनी टीम को कैसे जितवाएंगे? पैसे से सौदे-धंधे करेंगे? खिलाडियों को खरीदेंगे? खिलाडियों के पीटे ईडी-सीबीआई को छोड़ेंगे मगर होगा वहीं, खेल उसी फिक्स अंदाज में जैसे भारत के चुनाव हो रहे हैं!

गुजरात से सुनाई दे रहा है कि जीतेंगे तो मोदी? क्यों? इसलिए क्योंकि वे हार नहीं सकते? क्या महंगाई है? हां, है! क्या बेरोजगारी है? हां, है? क्या तकलीदें हैं? बहुत ज्यादा? तब वोट किसको दोगे? भाजपा को, कमल को! मोदी जीतेगा। मतलब मानो सब पूर्व निर्धारित! मैदान में दूसरा कोई है ही नहीं! सामने न कांग्रेस और न आप किसी में खेलने, ताकत लगाने, उम्मीदवारों में दम फूंकने, मतदान के दिन तक जी जान से मेहनत करने की क्षमता है ही नहीं!

# सर्दी-खांसी होने पर तुरंत खा लेते हैं एंटीबायोटिक दवाएं? स्वास्थ्य के लिए है खतरा

सर्दी-खांसी से लेकर कई ऐसी छोटी-छोटी समस्याएं हैं, जिनसे तुरंत आराम पाने के चक्कर में ज्यादातर लोग डक्टरी सलाह के बिना ही धड़ल्ले से एंटीबायोटिक्स दवाओं का सेवन करने लगते हैं। यह पूरी तरह से गलत है। हर किसी को पता होना चाहिए कि एंटीबायोटिक्स एक एंटी-बैक्टीरियल पदार्थ है, जो बैक्टीरिया के खिलाफ सक्रिय होता है।बिना चिकित्सक के परामर्श के इनका इस्तेमाल परेशानी पैदा सकता है। आइए जानते हैं कि एंटीबायोटिक्स का अधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए खतरा कैसे है।

**एंटीबायोटिक्स क्यों हैं खतरनाक?**

एंटीबायोटिक्स खतरनाक नहीं है, लेकिन जानकारी के अभाव में इसे आम दवा समझकर-धड़ल्ले से खाना स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। एंटीबायोटिक्स दवाइयां बाजार में आसानी से उपलब्ध होती हैं और केमिस्ट भी बिना किसी डक्टर की पर्ची के इन्हें बेच देते हैं। कई झोलाझाप डक्टर सामान्य सर्दी-जुकाम के लिए भी एंटीबायोटिक्स लिख देते हैं। इससे भविष्य में बड़ा खतरा हो सकता है। ऐसे में हमेशा अपनी समस्याओं के इलाज के लिए अनुभवी डक्टर से संपर्क करना चाहिए। सामान्य सर्दी-खांसी में एंटीबायोटिक्स लेने से बचना चाहिए, क्योंकि ये वायरल संक्रमण है।इन समस्याओं के लिए एंटीबायोटिक्स देता है तो उनसे यह जरूर पूटें कि क्या सच में आपको एंटीबायोटिक्स की जरूरत है? उन्होंने आगे बताया कि टन्सिल, बलगम वाली खांसी, किडनी संक्रमण या यौन संक्रमण आदि बैक्टीरियल संक्रमण होने पर डक्टर्स के लिए एंटीबायोटिक्स देना जरूरी हो जाता है।

**किन एंटीबायोटिक का होता है सबसे अधिक इस्तेमाल?**

सिप्लक्स टीजेड, नरफ्लोक्स, एमोक्सिसिलिन और एजिथ्रोमाइसिन नामक एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल सबसे ज्यादा किया जाता है। इनका आवश्यकता से अधिक इस्तेमाल करना लोगों के शरीर को आगे चलकर काफी प्रभावित कर सकता है।

**एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल सिर्फ डक्टर की सलाह से ही क्यों करना चाहिए?**

हर तरह के संक्रमण के लिए अलग-अलग एंटीबायोटिक्स की जरूरत होती है। यदि आप बिना डक्टर की सलाह के किसी भी एंटीबायोटिक दवा का सेवन करने लगते हैं तो आपका शरीर उसके साथ संयोजना बैठा लेगा और जब आपको उसकी जरूरत होगी तो वह काम नहीं करेगी। दरअसल, एंटीबायोटिक्स लेने से सभी बैक्टीरिया नहीं मरते और जो बच जाते हैं, उन्हें उस एंटीबायोटिक्स से मारना असंभव हो जाता है और यहीं एंटीबायोटिक रेजिस्टेंट बैक्टीरिया कहलाते हैं।

**साल 2019 में हुई 12 लाख से अधिक मौतें**

एक अध्ययन के अनुसार, साल 2019 में दुनियाभर में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंट बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण 12.70 करोड़ से अधिक लोगों की मौत हुई हैं। ग्लोबल रिसर्च अन एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस रिपोर्ट में दुनिया के 204 देशों और क्षेत्रों में एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस के प्रभाव का अनुमान लगाने के लिए सांख्यिकीय मडलिंग का उपयोग किया गया था।

# सुर्खियों के सुखबोध का सच

जलवायु सम्मेलन के बाद सुर्खियों में जो सुखबोध दिख रहा है, उसमें ज्यादा दम नहीं है। इन सम्मेलनों की फिलहाल इतनी ही प्रासंगिकता है कि इनके जरिए जलवायु परिवर्तन पर दुनिया का ध्यान जाता है।

ये हर साल की कहानी है। नवंबर या दिसंबर में संयुक्त राष्ट्र का जलवायु सम्मेलन होता है। जब ये समाप्त होता है तो सुर्खियों में बताया जाता है कि एक बड़ी सहमति के साथ सम्मेलन हुआ। मिस्र में हुए 27वें जलवायु सम्मेलन की कथा इससे अलग नहीं है। कहा गया है कि लस एंड डैमेज के मुद्दे पर बड़ी कामयाबी से सम्मेलन की समाप्ति हुई। लेकिन आखिर ये बड़ी कामयाबी क्या है? धनी देश सिद्धांत रूप में इस पर राजी हुए कि भविष्य में अगर जलवायु परिवर्तन के कारण आई प्रातिक आपदा के किसी गरीब देश को क्षति होती है, वे उसकी भरपाई में वित्तीय योगदान करेंगे। इस कोष का स्वरूप क्या होगा, इस बारे में अगले साल होने वाले सम्मेलन में फैसला किया जाएगा। कौन देश कितना योगदान करेगा, इस बारे में कोई विवरण तय नहीं हुआ। उलटे धनी देश यह मनवाने में सफल हो गए कि ऐतिहासिक रूप से उन्होंने कार्बन उत्सर्जन के जरिए



वातावरण को जो नुकसान पहुंचाया है, उसकी जिम्मेदारी से उन्हें मुक्त कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि अब तक के सभी सम्मेलनों में उनकी इस जिम्मेदारी चर्चा होती रही थी।

इसके अलावा धरती के तापमान में वृद्धि को औद्योगिक युग शुरू होने के समय की तुलना में 15 डिग्री सेल्सियस से अधिक ना बढने देने के किसी नए उपाय पर चर्चा नहीं हुई और गरीब देशों ने इस पर जोर भी नहीं डाला। बहरहाल, यहां यह जरूर याद कर लेना चाहिए कि 2009 में कोपेनहेगन में हुए सम्मेलन में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की पहल पर धनी देशों ने जलवायु परिवर्तन रोकने के उपायों के लिए 100 बिलियन डलर का फंड बनाने का संकल्प लिया था। वह संकल्प आज तक घोषणाओं से आगे नहीं बढ़ सका। तो नई सहमति का क्या हाल होगा, यह सवाल वाजिब है। इसलिए मिस्र के शरम अल-शेख में हुए सम्मेलन के बाद मीडिया की सुर्खियों में जो सुखबोध दिख रहा है, उसमें ज्यादा दम नहीं है। इन सम्मेलनों की असल में फिलहाल इतनी ही प्रासंगिकता रह गई है कि इनके जरिए जलवायु परिवर्तन की समस्या पर दुनिया का ध्यान जाता है। और समस्या है, तो उस पर बात होती रहनी चाहिए, यह आम समझ है।

# घर पर आसानी से बनाए जा सकते हैं हेयर क्लींजर, जानिए पांच तरीके

सर्दियों के दौरान बालों से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ जाता है। वहीं, रोजाना शैंपू करने से बालों की प्रातिक नमी निकल जाती है, जिससे स्कैल्प में खुरदरापन और रूखापन बढ़ सकता हैं क्योंकि ज्यादातर शैंपू में सिलिकन और सल्फेट्स जैसे तत्व होते हैं। हालांकि, घरेलू हेयर क्लींजर सुरक्षित होते हैं और बिना किसी नकारात्मक प्रभाव के बालों की कई समस्याओं का इलाज करते हैं। आइए आज पांच तरह के हेयर क्लींजर बनाने के तरीके जानते हैं।

**हर्बल हेयर क्लींजर** शिकाकाई, रीठा और आंवला से बना हर्बल हेयर क्लींजर बालों के विकास को बढ़ावा देगा, डैंड्रफ को कम करेगा और बालों के झडने को रोकने समेत बालों में चमक लाने में मदद कर सकता है। इसके लिए गरम पानी में शिकाकाई पाउडर, रीठा पाउडर और आंवला पाउडर मिलाएं। अब इस मिश्रण से अपने बालों और स्कैल्प की तीन-चार मिनट तक मसाज करें। फिर पांच मिनट बाद पानी से सिर को धो लें।

**बनाना स्मूदी हेयर क्लींजर** दूध, शहद और केले के गुणों से भरपूर यह हेयर क्लींजर आपके बालों को घना, मजबूत और चमकदार बनाने के साथ-साथ बालों के रोमछिद्रों को नमी प्रदान कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक ब्लेंडर में दूध, केला और शहद को तब तक दें टें जब तक कि वह चिकना और गाढ़ा न हो जाए। इसके बाद इस पेस्ट से अपने बालों पर मसाज करें और कुछ मिनट बाद सामान्य तापमान वाले पानी से सिर को धो लें।

## नशे में धुत्त पाए गए बौद्ध भिक्षु, ड्रग्स टेस्ट ने खोली सबकी पोल

**जकार्ता ,एजेंसी।** यहां फेत्चबून प्रांत में बौद्ध मंदिर के सभी पुजारी ड्रग्स पजिटिव पाए जाने के बाद बौद्ध मंदिर खाली करवा लिया गया। सभी पुजारी (भिक्षु) ड्रग्स टेस्ट में फेल पाए गए हैं। सभी बौद्ध भिक्षुओं को ड्रग्स सुधार गृह भेज दिया गया है। जिन लोगों का ड्रग्स टेस्ट किया गया उनमें एक मठाधीश सहित चार भिक्षु शामिल हैं। इन सभी का मेथमफेटामाइन के लिए टेस्ट हुआ था। जिला अधिकारी बूनलर्ट थिंटापथाई ने कहा बौद्ध मंदिर अब भिक्षुओं से खाली है और आसपास के ग्रामीणों को चिंता है कि वे मंदिर में भिक्षुओं के ना होने पर अब वो कोई पुण्य नहीं कर सकते हैं। पुण्य-निर्माण में एक अच्टे कर्म के रूप में भिक्षुओं को भोजन दान करने वाले उपासक शामिल हैं। बूनलर्ट ने कहा कि ग्रामीणों को अपने धार्मिक दायित्वों का पालन करने की अनुमति देने के लिए और भिक्षुओं को मंदिर में भेजा जाएगा। जिलाधिकारी बुनलर्ट ने कहा कि वो जल्द ही मंदिर में पुजारियों की व्यवस्था करेंगे ताकि लोग धार्मिक अनुष्ठान कर सकें। यूनाइटेड नेशंस अफिस अन ड्रग्स एंड क्राइम के अनुसार थाईलैंड म्यांमार के शान राज्य से लाओस के माध्यम से मेथम्फेटामाइन खूब सप्लाई होता है।

## अर्जेंटीना में मंकीपॉक्स से पहली मौत

**ब्यूनस आयर्स ,एजेंसी।** अर्जेंटीना में एक वयस्क पुरुष की मंकीपक्स से पहली मौत दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह घोषणा की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 44 वर्षीय व्यक्ति 9 अक्टूबर से वेंटिलेटर पर था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 22 नवंबर तक दक्षिण अमेरिकी देश में मंकीपक्स के 895 मामले जमा हो गए थे, जो 34.6 प्रतिशत की साप्ताहिक वृद्धि थी।

बयान में बताया गया है कि ब्यूनस आयर्स शहर में 66.4 प्रतिशत से अधिक पुष्ट मामले दर्ज किए गए, जो ब्यूनस आयर्स और कडरेबा के प्रांतों के साथ 94.9 प्रतिशत राष्ट्रीय संक्रमणों में से थे। 27 मई को पहला मामला सामने आने के बाद से देश के 24 में से 15 प्रांतों में संक्रमण दर्ज किया गया है, जबकि रिपोर्ट किए गए मामलों की औसत आयु 35 वर्ष थी। अर्जेंटीना के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गैर-स्थानिक देशों में बीमारी के पहले मामलों की सूचना मिलने के बाद निगरानी और स्वास्थ्य टीमों और जनसंख्या के लिए विशिष्ट सिफारिशों के लिए एक कार्य दल का गठन किया है।

## आरएसएस का प्रयोगशाला नहीं बनेगा बिहार: सीपीआई

**पटना ,(एजेंसी)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव कमरेड रामनरेश पांडेय ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बिहार आरएसएस का प्रयोगशाला नहीं बनेगा। मोहन भागवत बार-बार बिहार सांप्रदायिक सौहार्द बिगाडने के लिए आ रहे हैं, लेकिन बिहार के लोग समझदार हैं। आरएसएस और भाजपा के झांसे में आने वाले नहीं हैं। मोहन भागवत मिथिलांचल और सीमांचल को भाजपा का प्रयोगशाला बनाना चाहते हैं, यह इलाका वामपंथियों, समाजवादियों का रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब भाजपा को छोड़कर महागठबंधन के साथ आ गए हैं तब से लगातार भाजपा और आरएसएस बिहार में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश में है, लेकिन उनकी दाल गलने वाली नहीं है। सीपीआई के राज्य सचिव ने कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता से भाजपा का जाना तय है और बिहार की सभी 40 सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी। इसी से भाजपा बौखलाहट में आ गई है और बिहार में किसी तरह विवाद पैदा करना चाहती है।

# लालू-मुलायम के बाद बिखरता दिख रहा मुस्लिम राजनीति का कुनबा

### बिहार में अलग राह पर चलने के बढ़ रहे आसार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में लालू प्रसाद और उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव को मुस्लिम धारा की राजनीति का स्थापित नेता माना जाता रहा है, परंतु हाल के दिनों में यह धारा अलग राह पकड़ती दिख रही है। इसके दो उदाहरण सामने हैं। राजद के बाहुबली दिवंगत नेता मो. शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब को राजद की राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिलने से बिहार के मुस्लिम वोटरों में आक्रोश है। इसकी प्रतिक्रिया भी सामने आने लगी है। इसी तरह यूपी में आजमगढ़ संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव के परिणाम ने इस मिथ को तोड़ा है कि मुस्लिम वोट पर मुलायम परिवार का एकाधिकार है।

इसी बीच अगड़े-पिछड़े के मुद्दे पर मुस्लिम राजनीति की मुख्यधारा से पसमांदा मुस्लिमों के छिटक जाने के भी आसार दिखने लगे हैं। दोनों राज्यों में माय (मुस्लिम-यादव) की स्थापित परंपरा अलग रास्ते पर बढ़ती दिख रही है। हैदराबाद की सीमा से निकलकर संपूर्ण तेलंगाना, महाराष्ट्र और बिहार के बाद गुजरात में आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के विस्तार का प्रयास मुस्लिम वोटरों पर अपना हक जताने वाले दलों के लिए बड़े खतरे का संकेत है। परिवर्तन का यह संकेत बिहार और यूपी से कुछ ज्यादा ही आ रहा है। पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की बाहुबली छवि के बावजूद लालू प्रसाद ने उनकी कभी अनदेखी नहीं की। सदैव राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण स्थान पर बनाए रखा। शहाबुद्दीन जब सजायाफ्ता हो गए तो उनकी पत्नी हिना शहाब को राष्ट्रीय टीम में जगह दी। भाजपा की प्रचंड प्रतिक्रिया के बाद भी लालू परिवार ने दूरी नहीं बनाई। अब दोनों दूर हो रहे हैं। इसका असर दिखने लगा है।

बिहार विधानसभा की कुढ़नी सीट पर पांच दिसंबर को उपचुनाव है। हिना शहाब और असदुद्दीन ओवैसी राजद के मुस्लिम वोट बैंक में दरार डालने की कोशिश में लगे हैं। पिछले महीने विधानसभा की गोपालगंज सीट पर उपचुनाव के दौरान उन्होंने ऐसा कर भी दिखाया। एआईएमआईएम के प्रत्याशी को 12 हजार से ज्यादा वोट आए और राजद की मात्र 17 सौ वोटों से हार हुई। स्पष्ट है, ओवैसी अगर प्रत्याशी नहीं उतारे होते तो राजद की जीत में कोई संदेह नहीं रहता। यूपी में मुलायम सिंह के निधन के बाद उनका वोट बैंक बिखरने लगा है। आजमगढ़ संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दिनेश यादव निरहुआ से मुलायम परिवार के धर्मेंद्र यादव की हार का कारण मुस्लिम वोटरों का सपा से मोहभंग रहा है। 2014 के संसदीय चुनाव में मोदी लहर के बावजूद यहां से सपा की जीत हुई थी। पांच वर्ष बाद भी अखिलेश यादव ने करीब तीन लाख मतों से जीतकर सिलसिला बरकरार रखा। परंतु पिछले महीने उपचुनाव में यह चमक फीकी पड़ गई।

## बेटियां बेचने को मजबूर परिवार, दोगुनी उम्र के दूल्हे से अपने जिगर के टुकड़े की कर रहे शादियां

**काबुल ,एजेंसी।** अफगानिस्तान में गरीबी और बेरोजगारी के कारण असंख्य परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हालात इस कद्र खराब हो गए हैं कि कई बार घर में बच्चों को खाने के लिए मां-बाप के पास खाना तक नहीं होता। इसी कारण वे बच्चों को नींद की गोलियां देते हैं। इसके अलावा भूखे परिवारों का पेट भरने के लिए माता-पिता बेटियों की किडनी तक बेच दे रहे हैं। कुछ परिवारों की त्रास्दी यह है कि उन्होंने बेटियां तक बेच डालीं।बल्ख प्रांत में तो हालात इस कदर बदतर हो चुके हैं कि यहां गरीबी से जूझ रहे एक परिवार को अपना बच्चा बेचने से भी गुरेज नहीं है। इसी माह एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी जिसमें उस घटना का जिक्र किया गया जिसमें एक परिवार दो साल के बच्चे को बेचने जा रहा था लेकिन उसे बचा लिया गया। बेरोजगारी की बात करें तो अधिकांश दिनों में पुरुषों के पास कोई काम नहीं रह गया है।

## कोविड-19: आंदोलन के आगे झुका चीन, बीजिंग समेत कई शहरों में पाबंदियों का फैसला बदला

**बीजिंग ,एजेंसी।** कोरोना से निपटने के लिए लागू की गई सख्त पाबंदियों के खिलाफ चीन में लोग बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे हैं। इसके चलते अब शी जिनपिंग सरकार को पीटे हटना पड़ा है। यह पहला मौका है, जब चीन की सरकार को लोगों के आंदोलन के चलते अपने फैसले को बदलना पड़ा है। चीन सरकार का कहना है कि जीरो कोविड पलिसी लागू रहेगी, लेकिन अब इसमें ढील दी जाएगी। बीजिंग में अपार्टमेंट्स के लिए जाने वाले रास्तों को रोका नहीं जाएगा। इसके अलावा ग्वांग्झू में मास टेस्टिंग के नियम भी ढीले कर दिए गए हैं। उइगुर बहुल प्रांत शिनजियांग में उन इलाकों को खोल दिया गया है, जहां कोरोना के केस कम हैं।

बीजिंग प्रशासन का कहना है कि वह अपनी कंटेनमेंट पलिसी में ढील देगा, जिसके तहत उन अपार्ट्मेंट्स को ब्लक कर दिया जाता है, जहां ज्यादा केस मिले हैं। अब गेट्स को ब्लक नहीं किया जाएगा और किसी की एंट्री बाधित नहीं होगी। चीन में सरकार के खिलाफ महीनों से नाराजगी चल रही है, लेकिन शिनजियांग प्रांत के उरुमकी इलाके में आग लगने से 10 लोगों की मौत होने के बाद विरोध खुलेआम शुरू हो गया। एक बार आंदोलन शुरू होने के बाद तो प्रदर्शन शहर दर शहर दिखने लगे। बीजिंग, शंघाई, शिनजियांग, वुहान समेत कई शहरों के विश्वविद्यालयों में भी छात्रों और अन्य लोगों ने सरकार के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है।इन विरोध प्रदर्शनों के चलते चीन की दुनिया भर में छवि खराब हो रही है। यूरोप, एशिया और अमेरिका के कई शहरों में चीनी नागरिकों का समर्थन करते हुए प्रदर्शन किए गए हैं। हन्गकन्ग के सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट में दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने चीन सरकार की ओर से लागू प्रतिबंधों का विरोध किया।

## सोशल मीडिया के विकास के साथ फेक न्यूज का हुआ प्रसार : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सोशल मीडिया के तेजी से विकास के साथ फर्जी खबरें भी बढ़ी हैं। उन्होंने एशिया-पैसिफिक ब्रडकास्टिंग यूनियन (एबीयू) महासभा 2022 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। केंद्रीय मंत्री ने कहा, जिस गति से सूचना प्रसारित की जाती है वह महत्वपूर्ण है, सटीकता और भी महत्वपूर्ण है। फेक न्यूज को लेकर ठाकुर ने कहा कि असत्यापित दावों का मुकाबला करने और लोगों के सामने सच्चाई पेश करने के लिए केंद्र ने पत्र सूचना कार्यालय में फैक्ट चेक यूनिट की स्थापना की है। मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जिम्मेदार मीडिया संगठनों के लिए जनता का विश्वास बनाए रखना सर्वोच्च मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए।

उन्होंने सार्वजनिक प्रसारकों, दूरदर्शन और आकाशवाणी को हमेशा सच्चाई के साथ खड़े रहने और अपनी सच्ची रिपोर्टिंग के लिए लोगों का विश्वास जीतने का श्रेय दिया। यह कहते हुए कि मीडिया राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजनाओं के मूल में भी है।

उन्होंने रेखांकित किया कि संकट के समय मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। ठाकुर ने कोविड-19 महामारी के दौरान घर में फंसे लोगों की मदद के लिए आगे आने का श्रेय मीडिया को देते हुए कहा, यह मीडिया ही था, जिसने लोगों को बाहरी दुनिया से जोड़ा। मंत्री ने कहा कि भारतीय मीडिया ने आम तौर पर यह सुनिश्चित किया कि कोविड-19 जागरूकता संदेश, महत्वपूर्ण सरकारी दिशानिर्देश और डक्टरों के साथ मुफ्त अनलाइन परामर्श देश के कोने-कोने में पहुंचे।

## भरी सभा में मंच पर महिला ने चप्पल से की शख्स की पिटाई

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** यहां छतरपुर में हिंदू एकता मंच के कार्यक्रम बेटी बचाओ महापंचायत के दौरान एक महिला ने एक व्यक्ति की मंच पर चप्पल से पिटाई कर दी। मंच पर मौजूद अन्य लोगों ने बीच बचाव करके महिला को रोका। हिंदू एकता मंच द्वारा आयोजित यह महापंचायत वहीं आयोजित की गई थी जहां आफताब ने श्रद्धा की हत्या की थी। बेटी बचाओ फाउंडेशन ने भी इस महापंचायत में अपना समर्थन दिया था महापंचायत के दौरान एक महिला अपनी शिकायत बताने के लिए मंच पर चढ़ी थी, जब शख्स ने उसे धक्का देकर माइक से हटाने की कोशिश की, तो महिला ने शख्स की चप्पल से पिटाई करना शुरू कर दी, तभी मंच पर मौजूद बाकी लोगों ने बीच बचाव किया। कहा जा रहा है कि जिस शख्स की पिटाई हुई है उसके बेटे के साथ महिला की बेटी से शादी हुई है।

### सियासी तकरार के बीच एक साथ दिखे गहलोत व पायलट

# भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाएंगे



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में सियासी तकरार के बीच मंगलवार को जयपुर में सीएम अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट एक साथ दिखे। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जयपुर में कहा कि हम सब एकजुट हैं। इस बीच, अशोक गहलोत और सचिन पायलट ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी एक है। राहुल गांधी ने स्पष्ट रूप से कहा कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट दोनों ही पार्टी के लिए संपत्ति हैं।

सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि अगर राहुल गांधी ने कहा कि दोनों नेता सचिन पायलट और मैं पार्टी के लिए संपत्ति हैं, तो हम संपत्ति हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता संपत्ति है, हम सब मिलकर भारत जोड़ो यात्रा (ठींतंज श्रवकव ल्ंजतं) को सफल बनाएंगे। हम 2023 विधानसभा चुनाव जीतेंगे, क्योंकि लोग हमारा समर्थन कर रहे हैं और माहौल हमारे पक्ष में है।

प्रेट्र के मुताबिक, कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को पार्टी के लिए संपत्ति बताए जाने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सुझाव दिया कि मामला यहीं खत्म हो जाए।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की टिप्पणी के बारे में पूटे जाने पर अशोक गहलोत ने कहा कि जब राहुल गांधी ने कहा कि हमारे नेता संपत्ति हैं तो हम संपत्ति हैं, फिर विवाद कहां है। गहलोत ने पिछले सप्ताह पायलट को गद्दार कहा था। इसके जवाब में पायलट ने भी गहलोत पर निशाना साधा था।

राहुल गांधी ने सोमवार को इंदौर में संवाददाताओं से कहा था कि दोनों नेता पार्टी के लिए संपत्ति हैं। अशोक गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह हमारी पार्टी की खूबसूरती है कि हमारे शीर्ष नेता के कुछ भी कहने के बाद आगे तर्क के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि सभी नेता मिलकर राज्य में यात्रा को सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का मतलब यह भी था कि पार्टी का हर कार्यकर्ता संपत्ति है।

सीएम गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पार्टी के सामने मुख्य मुद्दा 2023 का विधानसभा चुनाव है और दावा किया कि मूड कांग्रेस के पक्ष में है। हम विधानसभा चुनाव जीतेंगे। हमने कई अनूठी योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किए हैं, जो राज्य भर के लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं। जब मैं यात्राओं पर जाता हूं तो मुझे लोगों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलती है। इसका मतलब है कि सरकार फिर से बनने जा रही है। गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पर टिप्पणी करने के बजाय पार्टी को अपनी चिंता करनी चाहिए।

## अधिक नहीं, अच्छे न्यायाधीशों की जरूरत: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में न्यायाधीशों की संख्या दोगुनी करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि अधिक न्यायाधीशों का मतलब अधिक केसों का निपटान नहीं है, बल्कि अच्टे न्यायाधीशों की आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस. नरसिम्हा ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय से कहा कि न्यायाधीशों की संख्या को दोगुना करना लंबित मामलों को हल करने का समाधान नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने उपाध्याय से कहा, अधिक न्यायाधीशों का मतलब अधिक केसों का निपटान नहीं है।

# सीएम योगी देंगे 504 करोड़ की निवेश परियोजनाओं का तोहफा, गीडा के स्थापना दिवस पर भाग लेंगे सीएम

**गोरखपुर ,(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गीडा दिवस पर गोरखपुर को केंद्र में रखकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की दृष्टि से अहम प्लास्टिक पार्क, रेडीमेड गारमेंट पार्क और फ्लैटेड फैक्ट्री का शिलान्यास करेंगे। इन तीन औद्योगिक परियोजनाओं से बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार की संभावनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री 504 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन, 260 करोड़ रुपये की लागत वाली 49 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा वह 1200 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं के निवेशकों को भूमि आवंटन का प्रमाण पत्र भी सौंपेंगे। 33 वर्ष पहले 30 नवंबर 1989 को अधिसूचित गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की स्थापना नोएडा के तर्ज पर हुई थी। पर, विकास के मामले में यह अर्से तक पिछड़ा ही रहा। सरकारों की उदासीनता के चलते यह सिर्फ नाम का औद्योगिक विकास प्राधिकरण बना रहा। 1998 में पहली बार सांसद बनने के बाद से ही योगी आदित्यनाथ गीडा के विकास और यहां औद्योगिक माहौल बनाने के लिए लगातार आवाज उठाते रहे। उनके प्रयास से कुछ महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट स्वीत भी हुए लेकिन परवान चढने से पहले हुक्मरानों की उदासीनता और लाल फीताशाही की भेंट चढ़ गए। गीडा में सकारात्मक बदलाव का दौर 2017 से शुरू हुआ, जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने। उनके निर्देश पर गीडा का लैंड बैंक बढ़ता गया तो निवेशकों को सुरक्षित माहौल में आसानी से भूखंड मिलने लगे। आज गीडा में 600 औद्योगिक इकाइयां उत्पादनरत हैं और इनके जरिये करीब 20000 लोगों को रोजगार मिल रहा है। औद्योगिक इकाइयों के अलावा 20 शिक्षण संस्थान भी गीडा क्षेत्र में सेवारत हैं। निवेशकों के लिए पसंदीदा स्थल बने गीडा में 173 एकड़ भूमि का आवंटन निवेशकों को किया गया है।

गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पवन अग्रवाल का कहना है कि इस बार का गीडा दिवस यादगार होगा। 30 नवंबर की शाम यहां मुख्यमंत्री 504 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इन निवेश परियोजनाओं से 3400 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही वह वह 189.40 करोड़ रुपये के 32 विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 70.24 करोड़ रुपये के 17 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। शिलान्यास वाली परियोजनाओं में 27.26 करोड़ की लागत से सेक्टर 27 में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र निर्माण, 69.58 करोड़ की लागत से सेक्टर 28 में प्लास्टिक पार्क का विकास कार्य, 33.92 करोड़ रुपये की लागत से सेक्टर 13 में फ्लैटेड फैक्ट्री का निर्माण शामिल है।

## जुबान पर कंट्रोल नही, कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम मोदी की कर दी रावण से तुलना

**सूरत ,(एजेंसी)।** चुनाव में सियासी संग्राम के बीच नेताओं की जुबान से कंट्रोल हटता नजर आ रहा है। हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने तो सारी हदें पार करते हुए कहा कि क्या रावण की तरह मोदी के 100 मुख हैं? मुझे समझ नहीं आता। यह आपत्तिजनक बयान उन्होंने एक जनसभा के दौरान दिया था। सूरत में तो उन्होंने मोदी को झूठों का सरदार भी बताया था।

बेहराम पुरा में जनसभा के दौरान खडगे ने कहा- प्रधानमंत्री बोलते हैं कि कहीं और मत देखो। मोदी को देखकर वोट दो। कितनी बार तुम्हारी सूरत देखें? हमने करपोरेशन चुनाव तुम्हारी सूरत देखी। एमएलए चुनाव में, एमपी इलेक्शन में सूरत देखी। हर जगह पर, क्या रावण की तरह आपके 100 मुख हैं। मुझे समझ नहीं आता।

वहीं, अब बीजेपी इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर हमलावर हो गई है।

बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस एक व्यक्ति का विरोध करते करते संवैधानिक पदों का विरोध करने पर उतर आई है। खडगे का पीएम मोदी के बारे में वक्तव्य संयोग नहीं वोट बैंक प्रयोग और उद्योग है।

वहीं, बीजेपी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि बयान खडगे ने नहीं दिया बल्कि यह सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तरफ से आया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पाकिस्तान को सबक सिखाया था। पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री का अपमान किया है।

## बिहार में भाजपा की सरकार बनी तो लागू होगा जनसंख्या नियंत्रण कानून : गिरिराज सिंह

**बक्सर ,(एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि हर घर शराब पहुंचाने के बाद अब गंगा जल पहुंचाकर नीतीश कुमार प्रायश्चित करना चाहते है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि बिहार में चूहों को भी शराबी बनाने वाले नीतीश प्रायश्चित नहीं कर पाएंगे।

उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने पर जोर देते हुए कहा कि बिहार में भाजपा की सरकार बनी तो सरकार जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाएगी।

एक दिवसीय दौरे पर बक्सर पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जिस तरह से हर घर नल का जल पहुंचाने का सपना दिखाकर उन्होंने कुर्सी प्राप्त की, वैसे ही अब गंगा जल पहुचाने का वादा कर कुर्सी पर बने रहना चाहते है।

## धनबाद में एटीएम का कैशबॉक्स ले उड़े अपराधी, 8 से 10 लाख की चोरी का अनुमान

**धनबाद (एजेंसी)।** धनबाद जिले के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में बैंक अफ इंडिया के एटीएम का कैश बक्स अपराधी निकाल ले गए। वारदात बीती रात की है। इस मशीन में शनिवार को ही साढ़े दस लाख रुपए डाले गए थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि लगभग आठ से दस लाख की रकम अपराधियों के हाथ लगी है।इस वारदात की जानकारी तब हुई, जब लोग एटीएम से राशि निकालने पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# लोकतंत्र में हेट स्पीच की कोई जगह नहीं : अजीत डोभाल

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** दिल्ली के इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में भारत और इंडोनेशिया में आपसी शांति और सामाजिक सद्भाव की संस्ति को बढ़ावा देने में उलेमा की भूमिका पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपने विचार रखे। इस मौके पर डोभाल ने कहा कि उग्रवाद और आतंकवाद इस्लाम के अर्थ के विरुद्ध है। वहीं लोकतंत्र में हेट स्पीच और मजहब के गलत इस्तेमाल की भी कोई जगह नहीं है। कार्यक्रम में बोलते हुए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि लोकतंत्र में नफरती भाषण, मजहब के गलत इस्तेमाल की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि मजहब का गलत इस्तेमाल हम सभी के खिलाफ है और इस्लाम इसकी इजाजत नहीं देता। उन्होंने कहा कि कोई भी लक्ष्य जिसके लिए अतिवाद, कट्टरवाद और धर्म के दुरुपयोग को नियोजित किया जाता है, किसी भी आधार पर न्यायसंगत नहीं है। यह धर्म की विति है, जिसके खिलाफ हम सभी को आवाज उठाने की जरूरत है।

अजीत डोभाल ने आगे कहा कि अतिवाद और आतंकवाद इस्लाम के अर्थ के ही विरुद्ध है, क्योंकि इस्लाम का अर्थ है शांति। उन्होंने कहा कि इस्लाम शांति का मजहब है, जो कहता है कि एक इंसान का कत्ल सारी इंसानियत के कत्ल के बराबर है। इस दौरान उन्होंने जिहाद को लेकर भी बड़ी बात कही। डोभाल ने कहा कि अपनी नफ्स के खिलाफ जिहाद सबसे बेहतर है।

वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने बताया कि इस चर्चा का उद्देश्य भारतीय और इंडोनेशियाई उलेमा और विद्वानों को एक साथ लाना है जो सहिष्णुता, सद्भाव और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने में सहयोग को आगे बढ़ा सकते हैं। यह हिंसक उग्रवाद, आतंकवाद और कट्टरता के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करेगा।

इसी दौरान इंडोनेशिया के मंत्री मोहम्मद मफहूद एमडी ने कहा कि इस कन्फ्रेंस का आईडिया मेरे दोस्त अजीत डोवाल का था। मैं उलेमाओं के डेलिगेशन को लेकर यहां आया हूं। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प ये है कि इस्लामी नियमों को फलो करना है और इंडोनेशिया की अखंडता बरकरार रखनी है। उन्होंने कहा कि मजहब शांति का प्रतीक होता है। हम सब इस समय कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं गरीबी, पर्यावरण और खाने की कमी जैसे कई अहम मुद्दों से जूझ रहे हैं।

# घाना ने रोमांचक मुकाबला जीता, कोरिया विश्व कप से बाहर




अल रैयान , घाना ने मोहम्मद कुद्दूस के दो गोलों की बदौलत फीफा विश्व कप 2022 के रोमांचक ग्रुप–एच मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 3–2 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

एजुकेशन सिटी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में विजेता टीम के लिये मोहम्मद सालिसू (24वां) और कुद्दूस (34वां, 68वां मिनट) ने गोल किये। चो गुए–सुंग (58वां, 61वां) ने कोरिया के दोनों गोल जमाये।

पहले हाफ में 2–0 से पिछड़ने के बाद कोरिया गुए–सुंग के गोलों की बदौलत मैच में वापस आ गया था, लेकिन कुद्दूस के गोल ने एक बार फिर घाना को बढ़त दिला दी। इसके बाद कोरिया ने स्कोर बराबर करने के कई प्रयास किये लेकिन घाना के गोलकीपर लॉरेंस अतिजिगी ने उन्हें एक बार भी कामयाब नहीं होने दिया और अपनी टीम के लिये बहुमूल्य तीन अंक सुनिश्चित किये।

करो या मरो मुकाबले में कोरिया ने अच्छी शुरुआत की लेकिन सालिसू ने घाना को शुरुआती बढ़त दिलाई। मैच के 23वें मिनट में सालिसू ने जॉर्डन एयू से पास लेकर उसे गोल में पहुंचा दिया। मैच के 34वें मिनट में जॉर्डन ने कुद्दूस को पास दिया और घाना ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली।

पहले हाफ में 2–0 से पिछड़ने के बाद गुए–सुंग कोरिया को मैच में वापस लेकर आये। उन्होंने 57वें मिनट में ली कांग के क्रॉस को हेडर से घाना के गोल में पहुंचाया। पांच मिनट बाद उन्होंने जिन सू के क्रॉस पर यही कारनामा दोहराते हुए स्कोर 2–2 से बराबर कर दिया। छह मिनट के अंतराल में दो गोलों के साथ कोरिया ने आक्रामक रुख अपना लिया था लेकिन कुद्दूस एक बार फिर घाना की मदद के लिये आगे आये। मैच के 67वें मिनट में इनाकी विलियम्स बाईं ओर से आये क्रॉस को किक करने से चूक गये, जिसके बाद कुद्दूस ने कोरियाई रक्षण को छकाते हुए बॉल को नेट में पहुंचाया। मैच के आखिरी 20 मिनटों में कोरिया ने पूरी आक्रामकता अपनाई लेकिन अतिजिगी ने शानदार तरीके से गोलपोस्ट की रक्षा की और कोरिया को एक गोल के अंतर से हारना पड़ा।

## क्रिकेट के इतिहास में नया रिकॉर्ड, भारत के रितुराज गायकवाड ने एक ओवर में लगाए 7 छक्के

नई दिल्ली , विजय हजारे ट्रॉफी में भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी ऋतुराज गायकवाड़ ने कमाल कर दिया। चर्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र के कप्तान गायकवाड़ ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ दोहरा शतक ठोका। गायकवाड़ ने लिस्ट ए करियर में पहली बार दोहरा शतक ठोकने का कारनामा किया।ऋतुराज गायकवाड़ ने अपने दोहरे शतक में कुल 16 छक्के और 10 चौके लगाए। मतलब दाएं हाथ के इस ओपनर ने 136 रन तो छक्के चौकों से ही बना डाले। ऋतुराज ने अपना दोहरा शतक हैरतअंगेज अंदाज में पूरा किया। 49वें ओवर में गायकवाड़ ने लगातार 7 छक्के लगाए। उन्होंने एक ओवर में 42 रन बटोरे।

बता दें कि 49वां ओवर शिवा सिंह ने फेंका और उनकी पहली चार गेंदों पर गायकवाड़ ने छक्का लगाया। इसके बाद शिवा सिंह ने पांचवीं गेंद नो बॉल फेंकी और उसपर भी गायकवाड़ ने सिक्स लगा दिया।

# सलाह के ओवरडोज से अर्शदीप को बचाएं: ब्रेट ली




नई दिल्ली , ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज ब्रेट ली चाहते हैं कि भारत के कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को सलाह के ओवरडोज से बचाएं, जो एक युवा क्रिकेटर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शुरू में सफल होने के बाद मिलता है। अर्शदीप इस साल टी20 में भारत के लिए खोज रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में दस विकेट लेने के लिए जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में सराहनीय गेंदबाजी की। इस साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ अपने टी20 डेब्यू के बाद से, उन्होंने 21 मैचों में 18.12 की औसत और 8.17 की इकॉनमी रेट से 33 विकेट लिए हैं।

हालांकि, ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में उनका यादगार वनडे डेब्यू नहीं था, लेकिन उनकी यॉर्कर और उच्च दबाव की स्थितियों में शांत रहने की उनकी क्षमता की सभी ने अर्शदीप की प्रशंसा की।उन्होंने कहा, अक्सर टीमों को यह नहीं पता होता है कि इन युवा और उभरते सितारों के साथ क्या करना है। हमने इसे पहले देखा है कि जब युवा खिलाड़ी शामिल होते हैं और होटल में खिलाड़ियों, टीवी, कमेंटेटरों से सलाह लेते हैं।ली ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा, हर खिलाड़ी बेहतर होता है लेकिन बहुत बार, बहुत अधिक सलाह प्रतिकूल हो सकती है।

# अफगानिस्तान ने अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप में बनाई जगह

नई दिल्ली ,अफगानिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ 50 ओवरों की श्रृंखला का दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद अगले साल होने वाले पुरुष वनडे विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया। आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग स्टैंडिंग में अफगानिस्तान को पांच अतिरिक्त अंक मिले हैं, जिस कारण टीम तालिका में कुल 115 अंक तक पहुंच गई।

अफगानिस्तान मौजूदा स्टैंडिंग के अनुसार सातवें स्थान पर है।

दासुन शनाका की टीम 67 अंकों के साथ दसवें स्थान पर है और शीर्ष आठ में प्रवेश करने की कोशिश करने के लिए उसके पास केवल चार मैच शेष हैं। श्रीलंका, 1996 का एकदिवसीय विश्व कप विजेता, 10 अंक बटोर सकता है और बुधवार को पल्लेकेले में अफगानिस्तान को हराकर मौजूदा श्रृंखला को टाई कर सकता है, जो अब दोनों टीमों के लिए एक



महत्वपूर्ण मैच है।

अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में टूर्नामेंट के 2015 सीजन के माध्यम से पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप में डेब्यू किया। टूर्नामेंट में अफगानिस्तान को मेजबान ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ, श्रीलंका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड के साथ रखा गया था।

उन्होंने न्यूजीलैंड के डुनेडिन में यूनिवर्सिटी ओवल में स्कॉटलैंड को एक विकेट से हराकर अपनी पहली एकदिवसीय विश्व कप जीत दर्ज की, जिसमें समीउल्लाह शिनवारी ने शानदार 96 रन बनाए।अफगानिस्तान ने वनडे विश्व कप चलीफायर 2018 के फाइनल में पहुंचकर 2019 वनडे विश्व कप के लिए चलीफाई किया और खिताबी मुकाबले में वेस्टइंडीज को हराया।

## पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक रवैया जारी रखेगी इंग्लैंड : मैकुलम

रावलपिंडी ,इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में आक्रमक रवैये के साथ खेलना जारी रखेगी।

मैकुलम ने पाकिस्तान आने के बाद अपनी पहली संवाददाता सम्मेलन में कहा, घर से दूर जाकर जीतना सबसे बड़ी उपलब्धि है जिसे आप एक टेस्ट खिलाड़ी और एक टेस्ट टीम के रूप में हासिल कर सकते हैं।

हम समझते हैं कि हम किस चुनौती का सामना कर रहे हैं, लेकिन यह अच्छा है। आप इसीलिए तो खेलना चाहते हैं। आप आसान चुनौतियां नहीं चाहते हैं। मैं वास्तव में उत्साहित हूं। मुझे नहीं पता कि हम सीरीज जीतेंगे या नहीं, लेकिन मैं दावा कर सकता हूं कि जब कप्तान (बेन स्टोक्स) 48 घंटे में यहां आयेंगे तो वह कहेंगे कि सीरीज में कोई ड्रॉ नहीं होगा। इंग्लैंड 17 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है और यह बतौर कोच मैकुलम का पहला विदेशी दौरा भी है।

# फीफा वर्ल्ड कप : स्पेन–जर्मनी का मैच 1–1 से ड्रा

दोहा । स्पेन के कोच लुइस एनरिक ने स्वीकार किया कि वह 2022 फीफा विश्व कप में अपने महत्वपूर्ण ग्रुप ई मैच में स्पेन के खिलाफ दूसरे दौर में हुए गोल को देखकर निराश हो गए। अल्वारो मोराटा के 62वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत स्पेन ने 1–0 से बढ़त बना ली थी, जिससे अंतिम 16 में उनकी जगह सुनिश्चित हो गई थी। लेकिन, यह इतना आसान नहीं था क्योंकि जर्मनी के स्ट्राइकर निकलास फुलक्रग ने 83वें मिनट में एक गोल किया, जिससे मैच 1–1 की बराबरी पर आ गया।

अब स्पेन को अगले दौर में अपनी पैठ बनाने के लिए जापान के खिलाफ एक अंक की जरूरत है, जबकि जर्मनी को कोस्टा रिका को हराना है और उम्मीद जताई जा रही है कि जापान अंतिम ग्रुप मैच में स्पेन को नहीं हराएगा।

स्पेन के कोच ने कहा, आपके पास जर्मनी के खिलाफ मैच जीतने और योग्यता सुनिश्चित करने का एक मौका था, लेकिन अंत में हम ऐसा नहीं कर पाए, हमें अपनी स्थिति के बारे में सोचना होगा। दो मैचों के बाद हम अपने ग्रुप में शीर्ष पर हैं।

जर्मन कोच हैंसी फ्लिक ने कहा कि वह अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हैं।

उन्होंने आगे बताया, खिलाड़ियों को पता था



कि एक गोल खाने के बाद कैसा प्रदर्शन करना होगा। इसी को देखते हुए उन्होंने दूसरे हाफ में एक गोल किया और मैच को बराबरी पर ला दिया।कोच ने आगे बताया, टीम का अगल मैच कोस्टा रिका के साथ है, लेकिन हम इस मैच के बारे में नहीं सोच रहे हैं क्योंकि हमें अपने खिलाड़ियों और टीम के लिए बनाई गई योजना पर निर्भर रहना है।

# फिल्मी गपशप

## इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म के लिए सालों बाद साथ आए करण और काजोल



करण जौहर और काजोल ने कुछ कुछ होता है से लेकर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और कभी अलविदा ना कहना जैसी कई हिट फिल्मों में साथ काम किया है अब यह हिट जोड़ी फिर साथ आ रही है। दरअसल, काजोल ने करण के प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म साइन कर ली है। यह वही फिल्म है, जिसके जरिए सैफ अली खान के 21 वर्षीय बेटे इब्राहिम अली खान अभिनय की दुनिया में कदम रखेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, काजोल, इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म से जुड़ गई हैं, जिसके निर्माता करण हैं। इस फिल्म का निर्देशन बोमन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी कर रहे हैं। इसमें इब्राहिम के साथ काजोल लीड रोल में होंगी। करण और काजोल ने पिछली बार 2010 में आई फिल्म माय नेम इज खान में साथ में काम किया था। काजोल और करण 12 साल बाद फिर साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

करण की इस फिल्म की कहानी सुरक्षा बल पर आधारित होगी। फिल्म बड़े बजट में बन रही है, जो अगले साल रिलीज हो सकती है। करण, इब्राहिम को बॉलीवुड में लॉन्च करने के लिए तैयार हैं और उनकी पहली फिल्म को धमाकेदार बनाने में वह कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। करण के साथ रहकर ही इब्राहिम ने फिल्ममेकिंग की बारीकियां सीखीं। वह उनकी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के सहायक निर्देशक रह चुके हैं।



काजोल, इब्राहिम के पिता सैफ अली खान के साथ भी काम कर चुकी हैं। दोनों ने दिल्लगी और हमेशा जैसी फिल्मों में साथ काम किया। पिछली बार सैफ–काजोल फिल्म तानाजीः द अनसंग वॉरियर में नजर आए थे, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

काजोल पिछले कुछ समय से फिल्म सलाम वेंकी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इसमें वह एक मां का किरदार निभा रही हैं। फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित है, जिसमें एक मां अपने बेटे के सामने आने वाली हर चुनौती से लड़ती दिखाई देगी। फिल्म में काजोल के बेटे की भूमिका विशाल जेठवा ने निभाई है।

## ब्लू कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में वाणी कपूर लगीं गजब की बला




एक्ट्रेस वाणी कपूर भले ही फिल्मों की सुपरहिट से दूरी पर हों, लेकिन उनकी कातिलाना अदाएं सोशल मीडिया पर अक्सर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस वाणी कपूर ने ब्लू कलर के आउटफिट में अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं। वहीं, एक्ट्रेस वाणी कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस वाणी कपूर अपनी दिलकश अदाओं से फैंस के दिलों की धडक़नें बढ़ाए रहती हैं। वाणी कपूर ने ब्लू कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है। न्यूड मेकअप और स्टाइलिश हेयर स्टाइल में वाणी कपूर बेहद ही हॉट लग रही है। एक्ट्रेस वाणी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपनी तस्वीर और वीडियो फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं। इस ड्रेस में वाणी कपूर बेहद सुंदर और गजब की बला लग रही हैं। उनका कातिलाना लुक देखकर कोई भी फिदा हो जाए। वाणी कपूर ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। सोशल मीडिया पर वाणी कपूर की ये लेटेस्ट तस्वीरें सामने आते ही फैंस का हुजूम लाइक और कमेंट्स करने में जुट गया।

## रणवीर सिंह की सर्कस का टीजर जारी, डबल रोल में दिखे अभिनेता

अभिनेता रणवीर सिंह की कॉमेडी फिल्म सर्कस जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म क्रिसमस के अवसर पर 23 दिसंबर को दर्शकों के बीच आ रही है। अब मेकर्स ने इसका मजेदार टीजर जारी कर दिया है। इसमें फिल्म के सभी कलाकारों की झलक दिखी है। खास बात यह है कि टीजर में लीड कलाकार रणवीर को डबल रोल में देखा गया है।

फिल्ममेकर रोहित शेट्टी ने इसका निर्देशन किया है। रणवीर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का टीजर शेयर किया है। उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हमारी दुनिया में आपका स्वागत है। 2 दिसंबर को आ रहा है इसका ट्रेलर। टीजर में जैकलीन फर्नांडिस, पूजा हेगड़े, जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, टीकू तलसानिया, बृजेंद्र काला, सिद्धार्थ जाधव, वरुण शर्मा और अश्विनी कालसेकर नजर आए हैं। हालांकि, इसमें फिल्म की कहानी और किरदारों को लेकर कुछ भी नहीं बताया गया है।टीजर में रणवीर कहते हुए दिखे, आमतौर पर सर्कस उस जमाने की फिल्म है, जब लाइफ सिंपल थी। तब मां–बाप का प्यार ज्यादा जरूरी था, सोशल मीडिया के लाइक्स नहीं। जॉनी ने बताया कि इसकी कहानी दर्शकों को 1960 के दशक की पृष्ठभूमि में लेकर जाएगी। इसमें



रणवीर के साथ–साथ अभिनेता वरुण ने भी अपनी दोहरी भूमिका से लोगों का ध्यान खींचा है। टीजर में सभी कलाकार खूब हंसी–ठिठोली करते हुए नजर आए।23 दिसंबर को सर्कस अकेले ही रिलीज होगी और इसे क्लैश का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## इरफान खान का बेटा होने का नहीं मिला फायदा, ऑडिशन में मिली असफलता– बाबिल खान

दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान जल्द बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाले हैं। उनकी पहली फिल्म काला 2 दिसंबर को स्ट्रीमिंग प्लेट- फ ा ॅ ा नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसी बीच अब बाबिल ने अहम खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में इरफान का बेटा होने का कोई फायदा नहीं मिला है। बाबिल ने बताया कि उन्हें ऑडिशन में कई बार असफलता का मुंह देखना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि वह अपने पिता के नाम का इस्तेमाल करके करियर में आगे नहीं बढ़ना चाहते। वह इसे अपने उसूलों के खिलाफ मानते हैं। उन्होंने बताया, मुझे नहीं लगता कि मेरी मां कभी किसी को फोन करके मेरा फेवर कर सकती हैं। मुझे ऑडिशन देने ही पड़ेंगे, नहीं तो मार पड़ेगी घर पे! ये हमारे संस्कार हैं। इसे तोड़ने की कोई गुंजाइश नहीं है।

बाबिल ने कहा कि वह आज भी ऑडिशन दे रहे हैं और ज्यादातर बार उन्हें रिजेक्शन मिल रहा है। उनका कहना है कि ऑडिशन में पास नहीं होने पर उनकी मां गुस्सा हो जाती हैं। इसके बावजूद उन्हें रोल दिलाने के लिए उनकी मां ने कभी उनकी पैरवी नहीं की। यह बात जगजाहिर है कि बाबिल पर अपने पिता इरफान की विरासत को आगे बढ़ाने की चुनौती होगी। इसके लिए वह काफी मेहनत भी कर रहे हैं।



काला में बाबिल के साथ तृप्ति डिमरी नजर आने वाली हैं। ट्रेलर में दोनों की केमिस्ट्री को पसंद किया गया। इसमें स्वास्तिका मुखर्जी, अमित सियाल, अभिषेक बनर्जी और वरुण ग्रोवर भी नजर आएंगे। यह एक साइकोलॉजिकल ड्रामा है, जिसका निर्देशन अन्विता दत्त ने किया है। फिल्म में 1940 के दशक की कोलकाता की पृष्ठभूमि को दिखाया गया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि बाबिल की पहली फिल्म क्या कमाल कर पाती है।

बाबिल के खाते में यशराज फिल्म्स की पहली वेब सीरीज द रेलवे मेन भी है, जो भोपाल गैस त्रासदी पर आधारित होगी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com